देश की आवाज

# हमारा स्वराज

भोपाल, इंदौर, उज्जैन से प्रकाशित

www.hamaraswaraj.com | twitter.com/hamaraswaraj | facebook.com/hamaraswaraj | इंदौर, सोमवार, 26 मई 2025 | वर्ष: 10| अंक: 132 | पृष्ठ: 08 | मूल्य: 2 रुपए

## जब गांव में पहली बार बस पहुंची तो लोगों ने ढोल-नगाड़े बजाकर उसका स्वागत किया

**हमारा स्वराज । नई दिल्ली**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मई महीने के आखिरी रविवार को 'मन की बात' को संबोधित किया। अपने मासिक रेडियो कार्यक्रम में पीएम मोदी ने कई अहम मुद्दों पर बात की।

उन्होंने कहा कि बस से कहीं आना-जाना कितनी सामान्य बात है, लेकिन मैं आपको एक ऐसे गांव के बारे में बताना चाहता हूं, जहां पहली बार एक बस पहुंची। इस दिन का वहां के लोग वर्षों से इंतजार कर रहे थे। और जब गांव में पहली बार बस पहुंची तो लोगों ने ढोल-नगाड़े बजाकर उसका स्वागत किया। गांव में पक्की सड़क थी, लोगों को जरूरत थी, लेकिन पहले कभी यहां बस नहीं चल पाई थी। क्यों, क्योंकि ये गांव माओवादी हिंसा से प्रभावित था। यह जगह है महाराष्ट्र के गढ़चिरौली जिले में, और इस गांव का नाम है, काटेझरी। काटेझरी में आए इस परिवर्तन को आसपास के पूरे क्षेत्र में महसूस किया जा रहा है। अब यहां हालात तेजी से सामान्य हो रहे हैं। माओवाद के खिलाफ सामूहिक लड़ाई से अब ऐसे क्षेत्रों तक भी बुनियादी सुविधाएं पहुंचने लगी है। गांव के लोगों का कहना है कि बस के आने से उन लोगों का जीवन बहुत आसान हो जाएगा।

पीएम मोदी ने कहा कि पूर्वोत्तर की बात ही कुछ और है, वहां का सामर्थ्य, वहां की प्रतिभा, वाकई अद्भुत है। मुझे एक दिलचस्प कहानी पता चली है क्राफ्टेड फाइबर की। क्राफ्टेड फाइबर ये सिर्फ एक ब्रांड नहीं है, सिक्किम की परंपरा, बुनाई की कला, और आज के फैशन की सोच तीनों का सुंदर संगम है। इसकी शुरुआत की डॉ. चेवांग नोरबू भूटिया ने।

### मन की बात के 122वें एपिसोड में बोले पीएम मोदी




पेशे से वो पशु चिकित्सक हैं और दिल से सिक्किम की संस्कृति के सच्चे ब्रांड एंबेसडर। उन्होंने सोचा क्यूं न बुनाई को एक नया आयाम दिया जाए और इसी सोच से जन्म हुआ क्राफ्टेड फाइबर का। उन्होंने पारंपरिक बुनाई को आधुनिक फैशन से जोड़ा और इसे बनाया एक सामाजिक उद्यम। अब उनके यहां केवल कपड़े नहीं बनते, उनके यहां जिंदगियां बुनी जाती हैं। वे स्थानीय लोगों को कौशल प्रशिक्षण देते हैं, उन्हें आत्मनिर्भर बनाते हैं। गांवों के बुनकर, पशुपालक और स्वयं सहायता समूह इन सबको जोड़कर डॉ. भूटिया ने रोजगार के नए रास्ते बनाए हैं।

उन्होंने कहा कि आज मैं आपको एक ऐसे शानदार व्यक्ति के बारे में बताना चाहता हूं जो एक कलाकार भी हैं और जीती-जागती प्रेरणा भी हैं। नाम है -जीवन जोशी, उम्र 65 साल। अब सोचिए, जिनके नाम में ही जीवन हो, वो कितनी जीवंतता से भरे होंगे। जीवन जी उत्तराखंड के हल्द्वानी में रहते हैं। बचपन में पोलियो ने उनके पैरों की ताकत छीन ली थी, लेकिन पोलियो, उनके हौसलों को नहीं छीन पाया। उनके चलने की रफ्तार भले कुछ धीमी हो गई, लेकिन उनका मन कल्पना की हर उड़ान उड़ता रहा। इसी उड़ान में, जीवन जी ने एक अनोखी कला को जन्म दिया नाम रखा 'बगेट'। इसमें वो चीड़ के पेड़ों से गिरने वाली सूखी छाल से सुंदर कलाकृतियां बनाते हैं। वो छाल, जिसे लोग आमतौर पर बेकार समझते हैं- जीवन जी के हाथों में आते ही धरोहर बन जाती है।

उन्होंने कहा कि 24 मई को विश्व स्वास्थ्य संगठन के निदेशक और मेरे मित्र तुलसी भाई की मौजूदगी में एक एमओयू पर हस्ताक्षर किया गया है। इस समझौते के साथ ही स्वास्थ्य हस्तक्षेपों का अंतरराष्ट्रीय वर्गीकरण के तहत एक समर्पित पारंपरिक चिकित्सा मॉड्यूल पर काम शुरू हो गया है। इस पहल से आयुष को पूरी दुनिया में वैज्ञानिक तरीके से अधिक-से-अधिक लोगों तक पहुंचाने में मदद मिलेगी।

---

**पीएम मोदी से सीएम यादव ने की भेंट**

## ऑपरेशन सिंदूर की सफलता पर दी बधाई



**हमारा स्वराज । भोपाल**

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने रविवार को नई दिल्ली में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से सौजन्य भेंट एवं चर्चा की। मुख्यमंत्री यादव ने ऑपरेशन सिंदूर के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को बधाई दी और उनका आभार माना। अन्य राज्यों के मुख्यमंत्रियों द्वारा भी प्रधानमंत्री को बधाई दी गई। आधुनिक तकनीक की मदद से आतंकियों को उनके घर में घुसकर मारना एक बड़ी उपलब्धि है।

इसके पहले शनिवार को नीति आयोग की गवर्निंग बॉडी की बैठक में प्रधानमंत्री मोदी की मुख्यमंत्री डॉ. यादव सहित अन्य राज्यों के मुख्यमंत्रियों से भेंट हुई थी। मुख्यमंत्री यादव ने शीर्ष नेताओं की उपस्थिति में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन की मुख्यमंत्री परिषद की बैठक में हिस्सा लिया। मुख्यमंत्री यादव का दो दिवसीय नई दिल्ली प्रवास सार्थक और सफल रहा।

**नीति आयोग की बैठक :** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने नई दिल्ली में प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में नीति आयोग की शासी परिषद (गवर्निंग काउंसिल) की 10वीं बैठक में भाग लिया। यह बैठक 'विकसित राज्य फॉर विकसित भारत @2047' थीम पर केंद्रित थी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बैठक में शामिल होकर प्रधानमंत्री मोदी का मार्गदर्शन प्राप्त किया और इस बैठक को भारत के भविष्य निर्माण की दिशा में एक ऐतिहासिक पहल बताया। मुख्यमंत्री ने सोशल मीडिया 'एक्स' पर कहा कि प्रधानमंत्री के दूरदर्शी नेतृत्व में सभी राज्य 'टीम इंडिया' की भावना के साथ कार्य कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि आज मध्यप्रदेश विकास और लोक कल्याण के संकल्प पथ पर अग्रसर है और निरंतर नए प्रतिमान स्थापित कर रहा है। प्रधानमंत्री के 'विकसित भारत-आत्मनिर्भर भारत' के निर्माण के विजन से प्रेरित होकर मध्यप्रदेश को देश के अग्रणी राज्यों की प्रथम पंक्ति में स्थापित करने के लिए राज्य सरकार संकल्पित है।

---

**अमेरिकी खुफिया एजेंसी ने जारी '2025 वर्ल्ड थ्रेट असेसमेंट' रिपोर्ट**

## परमाणु ताकत बढ़ाने में जुटा पाकिस्तान सीमा तनाव भी रहेगा बरकरार

**हमारा स्वराज । नई दिल्ली**

अमेरिकी खुफिया एजेंसी द्वारा जारी '2025 वर्ल्ड थ्रेट असेसमेंट' रिपोर्ट के अनुसार, पाकिस्तान आने वाले वर्ष में भी भारत को एक "अस्तित्वगत खतरा" मानते हुए अपनी सैन्य नीतियों को उसी दिशा में केंद्रित रखेगा। इसमें परमाणु हथियारों के आधुनिकीकरण, सीमा पार झड़पों की रणनीति और आतंकवाद विरोधी अभियानों को प्राथमिकता दी जाएगी।



रिपोर्ट में कहा गया है कि भले ही भारत और पाकिस्तान ने 10 मई को आपसी सहमति से सैन्य कार्रवाई रोकने का निर्णय लिया हो, लेकिन जमीनी स्तर पर तनाव बरकरार है और पाकिस्तान की सेनाएं सीमाई रणनीति को लेकर सक्रिय बनी रहेंगी। रिपोर्ट के अनुसार, पाकिस्तान की सेना का ध्यान भारत के साथ सीमा विवाद, बढ़ते आतंकी हमलों और परमाणु कार्यक्रम को विस्तार देने पर केंद्रित रहेगा। 2024 में पाकिस्तान में आतंकी हमलों की वजह से 2,500 से अधिक नागरिकों की मौत हुई है। रिपोर्ट का मानना है कि तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान (TTP) और बलूच उग्रवादियों की बढ़ती गतिविधियों के बावजूद पाकिस्तान की सैन्य प्राथमिकता भारत केंद्रित बनी हुई है। रिपोर्ट यह भी इंगित करती है कि पाकिस्तान छोटे युद्ध क्षेत्रीय परमाणु हथियारों सहित अपने परमाणु शस्त्रागार का आधुनिकीकरण कर रहा है। रिपोर्ट में यह भी बताया गया है कि पाकिस्तान को चीन से आर्थिक और सैन्य सहयोग लगातार प्राप्त हो रहा है, जिससे उसकी रक्षा क्षमताएं मजबूत हो रही हैं। यह सहयोग रणनीतिक दृष्टि से भारत के लिए एक और चुनौती पेश करता है, क्योंकि पाकिस्तान को हथियार, तकनीक और वित्तीय संसाधनों की आपूर्ति के पीछे चीन की महत्वपूर्ण भूमिका है।भारत को लेकर रिपोर्ट का आकलन है कि वह अपनी रणनीतिक प्राथमिकताओं में चीन को मुख्य प्रतिद्वंद्वी के रूप में देखता है, जबकि पाकिस्तान को एक सीमित लेकिन संवेदनशील चुनौती के रूप में मानता है। भारत का ध्यान अधिकतर सीमा सुरक्षा, रक्षा नवाचार, और वैश्विक स्तर पर प्रभावशाली भूमिका निभाने पर केंद्रित है। रिपोर्ट से स्पष्ट होता है कि दक्षिण एशिया में सैन्य और परमाणु तनाव की स्थिति अब भी बनी हुई है, और आने वाले समय में पाकिस्तान की नीति क्षेत्रीय स्थिरता के लिए चुनौती बनी रह सकती है।

---

## हिंदू समाज की शक्ति ही भारत की शक्ति है : मोहन भागवत

**हमारा स्वराज । नई दिल्ली**

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के सरसंघचालक मोहन भागवत ने कहा है कि भारत और हिंदू समाज एक-दूसरे से गहराई से जुड़े हुए हैं और यदि हिंदू समाज मजबूत होता है, तो भारत स्वतः ही गौरवशाली बन जाएगा। यह विचार उन्होंने संघ से जुड़े साप्ताहिक पत्र 'ऑर्गेनाइजर' को दिए गए विशेष साक्षात्कार में व्यक्त किए, जो आरएसएस की आगामी अखिल भारतीय प्रतिनिधि सभा से पहले हुआ।



भागवत ने कहा भारत को एक ऐसी सशक्त सैन्य और आर्थिक शक्ति के रूप में विकसित होना होगा, जो सीमाओं पर सक्रिय दुष्ट और विध्वंसकारी शक्तियों का डटकर मुकाबला कर सके। उनका कहना था कि आज की वैश्विक परिस्थितियों में यह आवश्यक हो गया है कि भारत आत्मनिर्भर, आत्मरक्षक और आत्मबल से युक्त बने। उन्होंने स्पष्ट शब्दों में कहा, "हमारे पास सशक्त बनने के अलावा कोई विकल्प नहीं है, क्योंकि हमने अपनी सीमाओं पर दुष्ट शक्तियों की बर्बरता देखी है।"

साक्षात्कार के दौरान उन्होंने यह भी कहा कि सच्ची शक्ति भीतर से आती है, मानसिक, सामाजिक और सांस्कृतिक स्तर पर। उन्होंने कहा आत्मा हिंदू संस्कृति में निहित है। यदि हिंदू समाज अपनी आत्मशक्ति, संगठन और सद्गुणों के साथ जाग्रत होता है तो भारत स्वतः ही वैश्विक नेतृत्व की ओर अग्रसर हो सकता है। उन्होंने कहा, कोई हमें परास्त न कर सके, यह स्थिति तभी संभव है जब हम आंतरिक रूप से इतने संगठित और मजबूत हों कि संयुक्त शक्तियाँ भी हमें हिला न सकें। भागवत ने इस बात पर बल दिया कि केवल सद्गुणों से समाज सुरक्षित नहीं रह सकता। उन्होंने स्पष्ट किया कि सदाचार तब तक प्रभावी नहीं होता जब तक उसके साथ शक्ति न हो। "एक सद्गुणी व्यक्ति भी तब तक सुरक्षित नहीं है जब तक वह अपनी रक्षा करने की शक्ति न रखता हो।

हिंदू समाज को लेकर पूछे गए एक प्रश्न के उत्तर में भागवत ने कहा कि भारत में कई लोग ऐसे हैं जो अब स्वयं को हिंदू नहीं मानते, लेकिन उनके पूर्वज और सांस्कृतिक मूल वही हैं। उन्होंने कहा कि एक संगठित और जाग्रत हिंदू समाज ही उन्हें उनकी जड़ों से पुनः जोड़ सकता है। यदि हम एक मजबूत, आत्मविश्वासी और सांस्कृतिक रूप से सजग समाज बनाएंगे, तो वे लोग जो खुद को अलग मानने लगे हैं, धीरे-धीरे पुनः जुड़ने लगेंगे।

---

**एक महिला के साथ वायरल हुई थी पोस्ट**

## लालू यादव ने बेटे तेज प्रताप को छह साल के लिए पार्टी से निकाला

**हमारा स्वराज । नई दिल्ली**

पूर्व मंत्री और राष्ट्रीय जनता दल के विधायक तेज प्रताप यादव को राष्ट्रीय जनता दल से निकाल दिया गया। राजद सुप्रीमो और तेज प्रताप के पिता लालू यादव ने सोशल मीडिया पर पोस्ट कर यह एलान किया।

उन्होंने तेज प्रताप को छह साल के लिए पार्टी से निलंबित कर दिया गया है। उन्होंने लिखा, 'निजी जीवन में नैतिक मूल्यों की अवहेलना करना हमारे सामाजिक न्याय के लिए सामूहिक संघर्ष को कमजोर करता है। ज्येष्ठ पुत्र की गतिविधि, लोक आचरण तथा गैर जिम्मेदाराना व्यवहार हमारे पारिवारिक मूल्यों और संस्कारों के अनुरूप नहीं है। अतएव उपरोक्त परिस्थितियों के चलते उसे पार्टी और परिवार से दूर करता हूं। अब से पार्टी और परिवार में उसकी किसी भी प्रकार की कोई भूमिका नहीं रहेगी। उसे पार्टी से छह साल के लिए निष्कासित किया जाता है।'

### लोकजीवन में लोकलाज का सदैव हिमायती रहा हूं

लालू प्रसाद यादव ने आगे लिखा कि अपने निजी जीवन का भला -बुरा और गुण-दोष देखने में वह स्वयं सक्षम है। उससे जो भी लोग संबंध रखेंगे वो स्वविवेक से निर्णय लें। लोकजीवन में लोकलाज का सदैव हिमायती रहा हूं। परिवार के आज्ञाकारी सदस्यों ने सावर्जनिक जीवन में इसी विचार को अंगीकार कर अनुसरण किया है। धन्यवाद।'

दरअसल, शनिवार शाम तेज प्रताप यादव के सोशल मीडिया (फेसबुक) अकाउंट से एक पोस्ट वायरल हुआ था। इसमें तेज प्रताप एक लड़की के साथ दिख रहे थे। इसमें लिखा गया था कि 'मैं तेज प्रताप यादव और मेरे साथ इस तस्वीर में जो दिख रही हैं उनका नाम ******* है। हम दोनों पिछले 12 सालों से एक दूसरे को जानते हैं और प्यार भी करते हैं।

---

**विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) के बीच बड़ा समझौता**

## भारत की पारंपरिक चिकित्सा प्रणाली को मिलेगी वैश्विक पहचान

**हमारा स्वराज । नई दिल्ली**

भारत की पारंपरिक चिकित्सा प्रणाली को अब वैश्विक पहचान मिलने जा रही है। आयुष मंत्रालय (आयुर्वेद, योग, यूनानी, सिद्ध और होम्योपैथी) और विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) के बीच एक बड़ा समझौता हुआ है। इस समझौते के तहत पारंपरिक चिकित्सा पद्धतियों को अब अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मान्यता मिलेगी और वैज्ञानिक तरीके से दर्ज किया जाएगा। भारत सरकार के आयुष मंत्रालय और डब्ल्यूएचओ के बीच एक महत्वपूर्ण समझौता हुआ। इस समझौते के जरिए अब डब्ल्यूएचओ के 'स्वास्थ्य हस्तक्षेपों का अंतर्राष्ट्रीय वर्गीकरण (आईसीएचआई)' में पारंपरिक चिकित्सा पद्धतियों के लिए एक खास 'पारंपरिक चिकित्सा मॉड्यूल' जोड़ा जाएगा।



**क्या होता है ICHI ? :** डब्ल्यूएचओ का आईसीएचआई एक वैश्विक प्रणाली है जो यह रिकॉर्ड करती है कि मरीजों को कौन-कौन से इलाज या चिकित्सा प्रक्रिया दी जा रही हैं। अब इसमें पारंपरिक भारतीय चिकित्सा पद्धतियों जैसे- आयुर्वेद की पंचकर्म प्रक्रिया, योग थेरेपी, यूनानी रेजीमेंस, सिद्ध चिकित्सा विधियां, को भी अंतरराष्ट्रीय मानकों के अनुसार दर्ज किया जाएगा।

### इसके लाभ होंगे

**वैश्विक मान्यता-** आयुष से जुड़ी चिकित्सा पद्धतियों को अब दुनिया भर में एक वैज्ञानिक और मानकीकृत पहचान मिलेगी।

**बीमा कवर में आसानी-** आयुष के इलाज अब हेल्थ इंश्योरेंस योजनाओं में भी आसानी से शामिल किए जा सकेंगे।

**पारदर्शी बिलिंग और सही कीमत-** मरीजों को इलाज का पारदर्शी बिल मिलेगा और इलाज की कीमत भी तय और उचित होगी।

**अस्पताल प्रबंधन और अनुसंधान में सहूलियत-** अस्पतालों में रिकॉर्ड रखने, शोध और मेडिकल डेटा को वैज्ञानिक तरीके से दर्ज करने में मदद मिलेगी।

**अधिक पहुंच-** अब आयुष पद्धतियां सिर्फ भारत में नहीं, बल्कि दुनिया के अन्य देशों में भी अधिक भरोसे और स्वीकार्यता के साथ अपनाई जा सकेंगी।

## देवी अहिल्या की 300वीं जयंती इंदौर गौरव दिवस के रूप में मनेगी



**हमारा स्वराज । इंदौर**

देवी अहिल्या की 300 वीं जयंती 31 मई को आ रही है। इसे लेकर 28 मई से 31 मई तक शहर में अलग-अलग आयोजन होने जा रहे है। नगर निगम इस जयंती को इंदौर गौरव दिवस के रूप में बना रहा है। गौरव दिवस पर गायक जुबिन नौटियाल का एक शो भी इंदौर में होने जा रहा है। इसके अलावा अहिल्या बाई के जीवन पर आधारित एक नाटिका का मंचन भी इंदौर में होगा। देवी अहिल्या की जयंती पर भोपाल में बड़ा सम्मेलन हो रहा है। जिसमें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शामिल हो रहे है। प्रधानमंत्री उनकी जयंती पर 300 रुपये का एक विशेष सिक्का भी जारी कर रहा है। इसका नोटिफिकेशन हो चुका है। इंदौर में उल्लेखनीय काम करने वालों को नगर निगम की तरफ से इंदौर गौरव सम्मान भी दिया जाएगा। गौरव दिवस पर प्रमुख स्थानों पर आतिशबाजी भी होगी।

### मेट्रो का संचालन होगा शुरू

देवी अहिल्या की जयंती पर इंदौर मेट्रो ट्रेन का संचालन भी होगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी वर्चुअली हरी झंडी दिखाकर इसकी शुरुआत करेंगे। मेट्रो ट्रेन शहर के सात किलोमीटर हिस्से में चलेगी। शहर के अन्य सामाजिक संगठन व संस्थाएं भी अलग-अलग आयोजन 28 मई से करने जा रहे है। इंदौर के राजवाड़ा पर प्रदेश सरकार 20 मई को कैबिनेट बैठक भी कर चुकी है।

# मां अहिल्या को समर्पित महिला सशक्तिकरण दौड़



**हमारा स्वराज । इंदौर**

सड़कों पर नारी शक्ति और जयघोष के साथ देश को हर क्षेत्र में आगे बढ़ाने का संकल्प। इंदौर में रविवार सुबह सड़कों पर यह दृश्य देखकर गुजरने वाला हर नागरिक ठहर गया। सैकड़ों की संख्या में महिलाएं और बालिकाएं सड़कों पर नारी शक्ति का परिचय देती हुई नजर आईं।

पुण्यश्लोका लोक माता देवी अहिल्याबाई होलकर की त्रिशताब्दी जन्म जयंती वर्ष के उपलक्ष्य में बीजेपी महिला सशक्तिकरण की दिशा में विभिन्न प्रतियोगिताएं एवं कार्यक्रम आयोजित कर रही है। इसी कड़ी में रविवार को सुबह 6 बजे माता अहिल्या को समर्पित महिला सशक्तिकरण दौड़ का आयोजन किया। शहर के हृदयस्थल राजवाड़ा से रीगल चौराहे तक ये दौड़ आयोजित हुई, जो की नारी शक्ति और माता अहिल्याबाई की होलकर को समर्पित रही। कार्यक्रम में विधायक गोलू शुक्ला, विधायक महेन्द्र हार्डिया, मधु वर्मा, सांसद शंकर लालवानी भी राजवाड़ा पहुंचे।

रविवार सुबह शहर में सामान्यतः ट्रैफिक कम रहता है लेकिन सुरक्षा की दृष्टि से पुलिस ने राजवाड़ा से रीगल तक ट्रैफिक को डायवर्ट किया और जगह जगह पुलिसकर्मियों की तैनाती की। शहरवासियों ने भी नारी शक्ति की इस दौड़ को सलाम किया और किनारे खड़े होकर उत्साहवर्धन किया।

**एक हफ्ते तक होंगे कई आयोजन** : भाजपा मीडिया प्रभारी रितेश तिवारी ने बताया कि माता अहिल्याबाई की 300वीं जयंती वर्ष के उपलक्ष्य में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे है। जिसके लिए शनिवार को कार्यालय पर सभी भाजपा पार्षदों और मंडल अध्यक्षों की बैठक सम्पन्न हुई। इस दौरान कार्यक्रमों की योजना एवं समन्वय हेतु महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए।

आगामी सप्ताह में अनेक कार्यक्रम आयोजित किए जाना है, जिसकी शुरुआत रविवार को महिला सशक्तिकरण दौड़ और रंगोली प्रतियोगिता के साथ हुई। 27 मई को चित्रकला प्रतियोगिता, 28 मई को नेटबॉल प्रतियोगिता, 28-29 मई को जनप्रतिनिधि सम्मेलन, 29 मई को श्री योगिनी अहिल्या महानाट्य, 30 मई को भाषण प्रतियोगिता एवं ट्रैफिक मैनेजमेंट कार्यक्रम, 31 मई को भव्य शोभायात्रा का आयोजन होगा। इसके साथ ही शहर के 85 वार्डों में स्वच्छता अभियान, जल स्रोतों के पुनर्जीवन हेतु अभियान चलाएं जाएंगे।

## शहर में कोरोना के मामलों की निगरानी शुरू

### जांच के लिए नहीं है कोई सरकारी सेंटर



**हमारा स्वराज । इंदौर**

इंदौर में लगातार दूसरे दिन कोरोना के दो मरीज मिले है। इनमें से तीन मरीज दूसरे शहर के है, जबकि एक मरीज इंदौर का है, लेकिन वह केरल से आया था। उसके बाद उसकी तबीयत खराब हुई। देश के दूसरे शहरों में भी कोरोना के मरीज तेजी से बढ़ रहे है। इंदौर में अभी सिर्फ चार मामले सामने आए है, लेकिन स्वास्थ्य विभाग ने सामने आए केसेस की निगरानी शुरू कर दी है और सर्तकता बरती जा रही है। यदि शहर में कोरोना की नई लहर आती है तो अलग-अलग अस्पतालों में चौदह हजार बेड उसके लिए रखे जाएंगे। इंदौर में स्वास्थ्य विभाग ने कोराना की जांच के लिए सरकारी सेंटर शुरू नहीं किया है। पांच लैबों में निजी तौर पर कोरोना की जांच की जा रही है। जो सेंपल पाजेटिव आ रहे है। उन सेंपलों की जांच फिर मेडिकल कॉलेज की लैब में कराई जा रही है।

### छह हजार ऑक्सीजन बेड की व्यवस्था

मुख्य स्वास्थ्य व चिकित्सा अधिकारी बीएल सैत्या ने कहा कि कोरोना के मामले सामने आ रहे है, लेकिन चिंता की बात नहीं है। यदि फिर से कोरोना की नई लहर आती है तो शहर में छह हजार ऑक्सीजन बेड तैयार है। इसके अलावा तीन हजार आईसीयू बेड भी है।

उन्होंने बताया कि चार मरीजों की ट्रेवल हिस्ट्री निकाली गई है। एक परिवार में बच्ची संक्रमित हुई है। परिवार गुजरात से महाकाल दर्शन के लिए उज्जैन आया था। तबीयत खराब होने पर इंदौर की लैब में जांच कराई। दो अन्य मरीज भी दूसरे शहर के है,जबकि एक मरीज इंदौर निवासी है। सभी मरीजों में बीमारी के गंभीर लक्षण नहीं है। यदि शहर में कोरोना के मामले बढ़ते है तो फिर विभाग जांच कराने के लिए सेंटर बना सकता है।

## दुष्कर्मी शूटिंग कोच मोहसिन ने राइफल दिलाने के नाम पर युवक को ठगा था, एक और केस दर्ज

**हमारा स्वराज । इंदौर**

शूटिंग एकेडमी की आड़ में युवतियों व किशोरियों के साथ दुष्कर्म और अश्लील हरकतें करने वाले मोहसिन खान ने अपनी एकेडमी में आने वाले एक युवक से दो लाख 80 हजार रुपये की ठगी भी की थी। उसने राइफल दिलाने के नाम पर दो लाख रुपये लिए, लेकिन उसे राइफल नहीं दी।

जब मोहसिन पर तीन युवतियों ने अश्लील हरकत और दुष्कर्म के केस दर्ज कराए तो धोखाधड़ी का शिकार युवक भी आगे आया। उसकी शिकायत पर पुलिस ने धोखाधड़ी की शिकायत दर्ज की है। अब तक चार प्रकरण मोहसिन के खिलाफ दर्ज हो चुके हैं। पुलिस उसके परिवार के लोगों की भूमिका भी जांच रही है। मोहसिन के दो भाई भी इस घटना के सामने आने के बाद भूमिगत हो गए हैं।



सात साल पहले मोहसिन खान की एकेडमी में ध्रुव महाजन आता था। वह उसे निशानेबाजी की ट्रेनिंग देता था। मोहसिन ने ध्रुव से कहा कि वह अच्छी निशानेबाजी करता है और राष्ट्रीय स्पर्धा में आगे बढ़ सकता है। इसके बाद उसने युवक को खुद की राइफल खरीदने के लिए झांसे में लिया। मोहसिन ने उससे कहा कि वह उसे दो लाख 80 हजार रुपये देगा तो वह अच्छी राइफल मंगा देगा। युवक ने उसे पैसे दे दिए, लेकिन मोहसिन ने राइफल नहीं दी। पैसे मांगने पर वह बहाने बनाता रहा। फरियादी ने दो लाख 80 हजार रुपये की रसीद भी पुलिस को दी है। अब पुलिस धोखाधड़ी के मामले में भी जांच कर रही है। पुलिस को आशंका है कि मोहसिन ने अन्य लोगों को भी ठगा होगा।

## सहकर्मी ने की अश्लील हरकत, दोस्ती का बना रहा था दबाव

**हमारा स्वराज । इंदौर**

जय नगर थाने में एक युवती ने सहकर्मी के खिलाफ केस दर्ज कराया है। आरोपी ने युवती को रात में वीडियो कॉल किया किया था। युवती स्क्रीन रिकार्डिंग कर उसकी बात का सबूत इकट्ठा करना चाहती थी, लेकिन आरोपी ने युवती को देख कर अश्लील हरकत शुरू कर दी। जिसके बाद युवती ने कॉल कट कर दिया। विजय नगर पुलिस के मुताबिक मामला विजय नगर थाना क्षेत्र का है। एक कंपनी में काम करने वाली 25 वर्षीय युवती की शिकायत पर सतीश नामक युवक पर केस दर्ज किया है। पीड़िता ने पुलिस को बताया कि वह जिस कंपनी में काम करती है उसी कंपनी में युवक भी काम करता था।

युवक ने उसका नंबर लेकर कई बार उसके साथ दोस्ती करने का दबाव बनाया। 21-22 मई की दरमियानी रात को युवक ने युवती को वॉट्सऐप पर वीडियो कॉल किया। पीड़िता ने स्क्रीन रिकार्डिंग शुरू की। जिसके बाद युवक ने युवती को देखकर कैमरा रिवर्स किया और अश्लील हरकत करने लगा। युवती ने तुरंत कॉल कट कर दिया।

शिप्रा तीर्थ यात्रा 4-5 जून को

## यात्रा रामघाट से होगी शुरू, सीएम यादव करेंगे शुभारंभ

**हमारा स्वराज । उज्जैन**

उज्जैन में शिप्रा तीर्थ परिक्रमा यात्रा का आयोजन 4 और 5 जून को किया जा रहा है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव यात्रा के शुभारंभ और समापन कार्यक्रम में शामिल होंगे। 4 जून को सुबह 8 बजे रामघाट पर शिप्रा पूजन के साथ यात्रा शुरू होगी। इसमें हजारों श्रद्धालु शामिल होंगे। यात्रा का समापन 5 जून को गंगा दशहरा के दिन रामघाट पर होगा। यात्रा के समापन पर मां शिप्रा को चुनरी अर्पित की जाएगी। यात्रा मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने करीब 18 वर्ष पहले शुरू की थी। तब से यह अनवरत जारी है। नगर निगम सभापति कलावती यादव, कलेक्टर रोशन सिंह, नगर निगम कमिश्नर आशीष पाठक ने अधिकारियों के साथ शिप्रा परिक्रमा मार्ग और रामघाट का निरीक्षण किया। कलेक्टर ने परिक्रमा मार्ग और शिप्रा घाट की सफाई, मंदिरों की पुताई, प्रकाश व्यवस्था, पेयजल के लिए टैंकर और छाया की व्यवस्था के निर्देश दिए हैं।



**ये कार्यक्रम भी होंगे-** 4 जून शाम 7 बजे दत्त अखाड़ा घाट पर पवन तिवारी एवं दल की सांस्कृतिक प्रस्तुति। शिप्रा परिक्रमा एवं गंगा दशहरा के अवसर पर विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

5 जून शाम 7 बजे रामघाट पर मिलिट्री बैण्ड के लगभग 100 कलाकारों की प्रस्तुति। इसके बाद मुंबई की कलाकार स्वस्ति मेहुल एवं दल द्वारा सांस्कृतिक प्रस्तुती होगी। 5 जून से 16 जून तक रामघाट पर प्रतिदिन शाम 6 बजे ढोली बुआ, ग्वालियर द्वारा श्री हरिकथा एवं नारद कीर्तन की प्रस्तुती दी जाएगी।

पीएससी प्रीलिम्स 2025 (सिविल सेवा प्रारंभिक परीक्षा 2025)

## 14 हजार से अधिक परीक्षार्थियों ने भाग लिया

**हमारा स्वराज । इंदौर**

पीएससी प्रीलिम्स 2025 (सिविल सेवा प्रारंभिक परीक्षा 2025) देशभर में आयोजित की गई। इंदौर में इसके लिए 36 केंद्र बनाए गए थे। दो सत्रों में हुई परीक्षा में 14 हजार से अधिक परीक्षार्थियों ने भाग लिया। केंद्रों पर परीक्षार्थी एक से दो घंटे पहले पहुंच गए थे। जांच प्रक्रिया के चलते सभी को एक घंटे से अधिक समय तक गेट के बाहर खड़ा रहना पड़ा। पूरी जांच और दस्तावेजों को देखने के बाद ही टीमों ने परीक्षा हाल में जाने दिया। मौसम खुशनुमा होने से परीक्षार्थियों को थोड़ी राहत मिली।

उपायुक्त राजस्व शैली कनाश ने बताया कि पहला सत्र प्रातः 9.30 बजे से 11.30 बजे तक और द्वितीय सत्र दोपहर 2.30 बजे से शाम 4.30 बजे तक का है। सभी केंद्रों पर सुचारू रूप से परीक्षाएं हो रही हैं।



संभागायुक्त दीपक सिंह ने विद्युत विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया कि निर्धारित सभी परीक्षा केन्द्रों पर विद्युत व्यवस्था प्रातः 7 बजे से शाम 7 बजे तक निरन्तर जारी रखें। परीक्षा केन्द्रों पर वैकल्पिक विद्युत व्यवस्था भी रखी जाए। प्रत्येक परीक्षा केन्द्र पर पीने के पानी की व्यवस्था, रास्ते की सफाई एवं परिसर में स्थित शौचालय की सफाई कराई जाए। गौरतलब है कि नीट पीजी के दौरान बिजली गुल होने से छात्रों को बहुत परेशानी हुई थी। उसे देखते हुए ही इस बार प्रशासन पहले से ही अलर्ट पर था।

मध्यप्रदेश के प्रमुख दैनिक समाचार पत्र
हमारा स्वराज
भोपाल, इंदौर, उज्जैन से प्रकाशित
से जुड़ने का सुनहरा अवसर




(पत्रकारिता के क्षेत्र में अनुभवी व्यक्तियों को प्राथमिकता)
मध्यप्रदेश के सभी जिलों में जिला ब्यूरो एवं तहसील संवाददाता बनने हेतु इच्छुक व्यक्ति
आज ही सम्पर्क करें
hamara.swaraj@gmail.com
+91 9644567000 | 9406600127 | 9617457594 | 9009911734

# पीएम के आगमन की तैयारी तेज, 1 हजार महिलाएं संभालेंगी जिम्मा, 27 को होगी बैठक

**हमारा स्वराज । भोपाल**



मध्य प्रदेश की राजधानी भोपाल में 31 मई को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी महिला महासम्मेलन में शामिल होंगे। इसे लेकर तैयारी तेज हो गई है। महिला महासम्मेलन की तैयारियों की कमान बीजेपी की एक हजार महिला कार्यकर्ता संभालेंगी। इसे लेकर 27 मई को प्रदेश भाजपा कार्यालय में बड़ी बैठक बुलाई गई है। इस बैठक में एक्टिव महिला कार्यकर्ताओं को टोली दायित्व सौंपा जाएगा। इससे पहले शनिवार को पार्टी के प्रदेश कार्यालय में 31 मंडलों की बैठक आयोजित की गई।

## कार्यक्रम की जिम्मेदारी सौंपी जाएगी

जानकारी के मुताबिक पार्टी अगले तीन दिन में कमेटी बनाएगी और इन्हीं कमेटियों की जिम्मेदार महिला कार्यकर्ताओं को कार्यक्रम की जिम्मेदारी सौंपी जाएगी। जानकारी के लिए बतादे कि यह कार्यक्रम लोकमाता देवी अहिल्याबाई होलकर की 300वीं जयंती के उपलक्ष्य में आयोजित किया जा रहा है।

## महिला मोर्चा की बैठक में बनी रणनीति

महासम्मेलन की व्यवस्थाओं को लेकर शनिवार को प्रदेश कार्यालय में भोपाल जिले की महिला मोर्चा की बैठक हुई। बैठक में भाजपा प्रदेश महामंत्री भगवान सबनानी, मोहन सरकार में मंत्री कृष्णा गौर, महापौर मालती राय, पार्टी की प्रदेश उपाध्यक्ष सीमा सिंह, भाजपा जिला अध्यक्ष रविंद्र यती, महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष वंदना जाचक एवं मनोज राठौर भी मौजूद रहे। बैठक में आयोजन संबंधी चर्चा की गई। बैठक में सभी 31 मंडलों से दो-दो महिला प्रतिनिधियों को बुलाया गया था। यहां तय हुआ है कि 27 मई की शाम पार्टी की 1000 महिला कार्यकर्ताओं की बैठक होगी, जिसमें दायित्व सौंपे जाएंगे। पीएम मोदी महिला सम्मेलन में आ रहे हैं, इसलिए सभी प्रमुख कार्य महिलाओं को ही सौंपने का निर्णय लिया गया है।

## हर मंडल से 20 नाम तय

पार्टी ने भोपाल की महिलाओं को जिम्मेदारी सौंपने के लिए हर मंडल से 20 नाम तय किए हैं। इसमें से दो महिला कार्यकर्ताओं को शनिवार की बैठक में बुलाया गया था। अब प्रदेश संगठन के साथ होने वाली बैठक में सभी मंडलों से आने वाली महिला प्रतिनिधियों के साथ 1000 महिला कार्यकर्ता, पदाधिकारी को बुलाया गया है।

नॉर्थ ईस्ट भारत के राज्य लिखेंगे मप्र के साथ मिलकर विकास की नई कहानी

# एमपी में सभी प्रकार की इंडस्ट्रीज है, आने वाले समय में राज्य देश का सिरमौर बनेगा

**हमारा स्वराज । भोपाल**

भारत मंडपम नई दिल्ली में आयोजित राइजिंग नॉर्थ ईस्ट इन्वेस्टर समिट में ग्लोबल फोरम फॉर इंडस्ट्रियल डेवलपमेंट को आमंत्रित किया गया। इसमें सभी राज्य के मुख्यमंत्री एवं उनके मंत्रिमंडल के सदस्य शामिल हुए जो कि अरुणाचल प्रदेश, असम, मणिपुर, मेघालय, मिजोरम, नागालैंड, त्रिपुरा और सिक्किम हैं। संस्था के अध्यक्ष दीपक भंडारी ने केंद्रीय मंत्री किरण रिजिजू के साथ अन्य मुख्यमंत्रियों से मुलाकात की एवं उन्हें बताया कि मध्य प्रदेश देश का सबसे तेजी से विकसित होने वाला राज्य है। मध्य प्रदेश में सभी प्रकार की इंडस्ट्रीज है और आने वाले समय में मध्य प्रदेश देश का सिरमौर राज्य बनेगा। अतः हम साथ में मिलकर नॉर्थ ईस्ट के उद्योगों के विकास में एक कैटालिस्ट का काम कर सकते हैं , एक नई गति प्रदान कर सकते हैं। उसमें दोनों ही राज्यों के उद्योगों का फायदा है। इस क्षेत्र के उद्योगों और व्यापारियों को किस प्रकार से मध्य प्रदेश के उद्योगों से जोड़ा जाए इस पर चर्चा की।



किरण रिजिजू के अनुसार मध्य प्रदेश के उद्योग यदि नॉर्थ ईस्ट के राज्यों से जुड़ना चाहे तो सभी राज्यों में उनका स्वागत है। मिलकर हम स्किल डेवलपमेंट, इंपोर्ट एक्सपोर्ट, मैन्युफैक्चरिंग के विभिन्न क्षेत्रों जैसे कि फार्मास्यूटिकल, ऑटोमोबाइल, फूड प्रोसेसिंग, केमिकल्स ,चमड़ा उद्योग , जंगलों की बहुतायत होने की वजह से पेपर उद्योग, टेक्सटाइल एवं रेडीमेड गारमेंट उद्योग, आयुर्वेदिक औषधि उद्योग इत्यादि पर कार्य कर सकते हैं।

आज नॉर्थ ईस्ट भी भारत के विभिन्न राज्यों की तरह सुरक्षित राज्य बन चुका है।अब वहां ऐसी कोई अराजकता नहीं है शांति और सौहार्द का वातावरण है। इंफ्रास्ट्रक्चर पर खूब काम हो रहा है और आने वाले 15 - 20 वर्षों में सरकार ने जो योजनाएं बना रखी है यह कार्य रुकने वाला नहीं है। देश का सबसे बेहतर इंफ्रास्ट्रक्चर यही बनाया जा रहा है।

## फिल्म शूटिंग के लिए कई लोकेशन

फिल्म इंडस्ट्रीज में शूटिंग को लेकर भी यहां ढेर सारी नई-नई लोकेशन है जहां आज तक कोई काम नहीं हुआ एवं कई ऐसी क्षेत्रीय प्रतिभाएं हैं जो फिल्मों से जुड़कर कार्य कर सकते हैं।हैंडलूम और हैंडीक्राफ्ट के लिए भी सरकार ने बहुत औद्योगिक हितेषी नीतियां बनाई है। विभिन्न प्रकार के इंडस्ट्रियल ज्वाइंट वेंचर के लिए क्षेत्र में असीम संभावनाएं हैं।

प्रधानमंत्री गतीशक्ति योजना के तहत नवीन सड़कों का, पूलों का और अन्य इंफ्रास्ट्रक्चर का विकास किया जा रहा है। जिसमें हवाई अड्डों और रेलवे स्टेशनों का विकास और नई उड़ाने और नये रेलवे शुरू किये जा रहें है। नई आईटी पॉलिसी के तहत आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस ,ब्लाकचैन मशीन लर्निंग ,रोबोटिक्स एवं अन्य तकनीकों का विकास किया जा रहा है।इसमें भी ज्वाइंट वेंचर किया जा सकता है।

**नए होटल खोलने वालों के साथ सरकार मिलकर काम करेगी** : टूरिज्म और हॉस्पिटैलिटी का तो यह क्षेत्र स्वर्ग है। खूबसूरत प्राकृतिक नजारे एवं जंगलों की बहुतायत की वजह से आबो हवा शुद्ध और स्वच्छ है। प्रकृति की शरण में बीमार अपने आप ही ठीक हो जाते हैं। यदि कोई भी यहां नवीन होटल खोलना चाहे या रेस्टोरेंट बनना चाहे तो सरकार उसके साथ मिलकर काम करेगी। बहुत सारा लैंड अनएक्सप्लॉरड है जो देसी एवं विदेशी पर्यटकों के लिए भी एक नए भारत के दरवाजे खोलते हैं एवं अन्य राज्यों के लिए भी कमाने के अवसर पैदा करता है। गुवाहाटी में आईआईटी कॉलेज के माध्यम से इंटरनेशनल स्तर के स्किल डेवलपमेंट कोर्स संचालित किया जा रहे हैं और यहीं से इंटरनेशनल एयरपोर्ट और ड्राई पोर्ट होने की वजह से आयात निर्यात की भी सभी प्रकार की सुविधाएं हैं। आठ राज्यों को मिलाकर सरकार ने अष्टलक्ष्मी एग्रो बिजनेस पॉलिसी बनाई है जो की विशेष रूप से कृषि आधारित एवं फूड प्रोसेसिंग इंडस्ट्री के लिए फायदेमंद है।

फार्मा पॉलिसी की तरह दवाई निर्माता को विशेष प्रकार की छूट दी जा रही है और अस्पताल के लिए भी सभी प्रकार के रियायतें दी जा रही है ताकि मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल यहां बनाया जाए और मेडिकल टूरिज्म को बढ़ावा मिले। इसके अलावा भारतीय संस्कृति के दर्शन करने के लिए टूरिज्म पॉलिसी भी बनाई गई है , जिसमें नॉर्थ ईस्ट कल्चर को दर्शाया गया है। इस नीति के तहत सभी भारतीय राज्यों और विदेशियों के लिए उसमें कई फायदे दिए गए हैं।

रिजिजू ने बताया कि नॉर्थ ईस्ट के राज्यों के बच्चों को खेलों में भारत का प्रतिनिधित्व करना है, अतः जो भी इंफ्रा कंपनियां स्टेडियम का निर्माण करेगी या खेल संकुल को बनाएगी उन्हें प्राथमिकता दी जाएगी। भारत के विभिन्न राज्यों के बच्चे भी यहां आकर उन सुविधाओं का लाभ ले सकते हैं या बच्चों के खिलौने या खेल आधारित जो भी उद्योग हैं ,उन्हें प्राथमिकता और रियायत दोनों दी जाएगी। यदि मध्य प्रदेश चाहे तो इसमें सहभागिता करके प्रथम पावें प्रथम आए के आधार पर कर सकता है।

भाजपा नेताओं ने सुनी पीएम के मन की बात

# रेलवे स्टेशन पर कुलियों के लिए भव्य आयोजन



**हमारा स्वराज । भोपाल**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को अपने रेडियो कार्यक्रम 'मन की बात' के 122वें एपिसोड के जरिए देश को संबोधित किया। राजधानी भोपाल में बीजेपी के प्रदेश अध्यक्ष समेत नेताओं ने पीएम मोदी के 'मन की बात' कार्यक्रम को सुना। भोपाल सांसद ने रानी कमलापति रेलवे स्टेशन पर कुली भाईयों ने हाथों में तिरंगा लेकर कार्यक्रम का श्रवण किया।



बीजेपी के प्रदेश अध्यक्ष व खजुराहो सांसद वीडी शर्मा ने भोपाल के खटलापुरा मंदिर में मन की बात सुना। वीडी शर्मा ने मीडिया से चर्चा करते हुए कहा कि सिंदूर ऑपरेशन के बाद देशभर में तिरंगा यात्रा ने देशभक्ति का वातावरण बनाया। वोकल फॉर लोकल पर फोकस रहा। मध्य प्रदेश में लोकल टूरिस्ट में बढ़ोत्तरी हुई। ड्रोन दीदी को स्काई वॉरियर्स के नाम में जाना जाएगा।

## भारत आज बन गया चौथी अर्थव्यवस्था

वीडी शर्मा ने 21 जून को योग दिवस को लेकर तैयारियां के बारे में जानकारी भी दी। उन्होंने इकोनॉमी को लेकर कहा कि भारत आज चौथी अर्थव्यवस्था बन गया है। हम तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था बनेंगे। पीएम मोदी के भोपाल दौरे को लेकर कहा कि देवी अहिल्याबाई होलकर के आदर्श शासन व्यवस्था पर आगे बढ़ रहे है।

## सिंदूर रंग की साड़ी में नजर आएंगी 2 लाख महिलाएं

वीडी शर्मा ने कहा कि अहिल्याबाई की जयंती को ऐतिहासिक बनाने का काम किया जा रह है। 2 लाख से ज्यादा स्वयं सहायता समूह की महिलाएं आएंगी। महिलाओं के लिए ड्रेस कोड भी रखा गया है। सिंदूर रंग की साड़ी में सभी महिलाएं नजर आएंगी। राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के पोस्ट पर कहा कि कांग्रेस ट्विटर पर ही रहेगी। बीजेपी जमीनी स्तर पर काम करती है। भाजपा काम में विश्वास करती है। उनके बारे में ज्यादा कमेंट करने की जरूरत नहीं। भाजपा अपना काम कर रही है।

रानी कमलापति स्टेशन पर के प्लेटफार्म नंबर एक पर भव्य नजारा देखा गया। भोपाल सांसद आलोक शर्मा ने 200 से ज्यादा कुली भाइयों और उनके परिवार के साथ मन की बात कार्यक्रम का श्रवण किया। ट्रेन से उतरे यात्रियों ने कार्यक्रम को सुना। वहीं सांसद आलोक ने कुली भाइयों की समस्या भी सुनी। साथ ही उन्होंने आश्वासन दिया कि सभी कुली भाइयों की जो भी समस्या है उनको दूर किया जाएगा। आलोक शर्मा ने कहा कि कुली भाइयों को समाज में उचित स्थान मिले। साथ ही उनको केंद्र और राज्य सरकार की सभी योजनाओं का लाभ मिले, उसके लिए हम विशेष तैयारी कर रहे हैं। स्वास्थ्य बीमा का लाभ हमारे हर कुली भाई को मिले और उनके परिवार को भी लाभ मिले, हम उचित व्यस्था करेंगे।

## संगठन महामंत्री बूथ 51 में पहुंचे

भारतीय जनता पार्टी के क्षेत्रीय संगठन महामंत्री अजय जामवाल ने रविवार को भोपाल के शाहपुरा मंडल के वार्ड क्र. 51 के बूथ क्र. 230, शेखर अस्पताल के पास ए-55, सेक्टर-ए में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मन की बात कार्यक्रम सुना। इस अवसर पर मध्यप्रदेश शासन के मंत्री विश्वास सारंग, प्रदेश उपाध्यक्ष सीमा सिंह जादौन, विकास विरानी,हिरेन्द्र बहादुर सिंह, पियूष सिसौदिया, पार्षद, बूथ अध्यक्ष व कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

राज्यपाल धार जिले मे सिकेल सेल जागरूकता कार्यक्रम में हुए शामिल

# जेनेटिक काउंसलिंग पर विशेष ध्यान दिया जाए : राज्यपाल

**हमारा स्वराज । भोपाल**

राज्यपाल मंगुभाई पटेल ने कहा है कि सिकल सेल को खत्म करने के लिए स्क्रीनिंग के बाद जेनेटिक काउंसलिंग पर विशेष ध्यान दिया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि धार जिले में 12 लाख लोगों की सिकल सेल स्क्रीनिंग की जा चुकी है, जिनमें से लगभग 25 सौ लोग पॉजिटिव पाए गए हैं। सिकल सेल पॉजिटिव आपस में विवाह नहीं करें, इसकी समझाइश दी जानी चाहिए। यह बात राज्यपाल श्री पटेल ने सिकल सेल रोग के उन्मूलन के लिये चलाए जा रहे अभियान के कार्यक्रम में कही। कार्यक्रम का आयोजन धार जिले में जागरूकता अभियान के तहत किया गया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के "मन की बात" कार्यक्रम का सामूहिक श्रवण भी अतिथियों और आमजन द्वारा किया गया। राज्यपाल पटेल ने कहा कि उन्होंने




जन औषधि केंद्रों पर आयुष विभाग के माध्यम से दवाइयों की उपलब्धता कराई गई है। उन्होंने पॉजिटिव पाए गए लोगों से नियमित दवाई लेने और व्यायाम करने, सुपाच्य भोजन करने, ठंडे पानी से नहीं नहाने और अधिक मात्रा में पानी पीने की समझाइश दी। उन्होंने सभी स्टोर्स पर दवाइयों की उपलब्धता और डॉक्टर्स द्वारा जनजागरूकता फैलाने की आवश्यकता पर बल दिया। केंद्रीय महिला एवं बाल विकास राज्यमंत्री सावित्री ठाकुर ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मंशा के अनुरूप धार जिले में घर-घर जाकर सिकल सेल स्क्रीनिंग का कार्य किया गया है। उन्होंने सभी जनप्रतिनिधियों से समाज सेवा के रूप में इस कार्य में जुटने का आह्वान किया। राज्यपाल पटेल को कार्यक्रम मे उपस्थित पाँच बच्चों ने उनकी स्कूल एवं हॉस्टल में हुई स्क्रीनिंग के अनुभव साझा किए। बच्चों ने बताया कि अस्पताल से मिलने वाली निशुल्क दवाइयों से उन्हें इस बीमारी में राहत मिली है। कार्यक्रम के दौरान सिकल सेल स्क्रीनिंग एवं क्षय नियंत्रण में उल्लेखनीय योगदान देने वाले लोगों को सम्मानित किया गया।

भारत में पहली बार होगा आयोजन, 700 से अधिक अंतर्राष्ट्रीय अतिथि होंगे सम्मिलित

# 21वां वर्ल्ड रोज़ कंवेन्शन 2028 होगा भोपाल में

**हमारा स्वराज । भोपाल**

वर्ल्ड फेडरेशन ऑफ रोज़ सोसायटीज़ (WFRS) द्वारा 21वां वर्ल्ड रोज़ कंवेन्शन 2028 में भोपाल में आयोजित किया जाएगा। इस आयोजन में दुनिया भर के 700 से अधिक अंतरराष्ट्रीय प्रतिनिधियों के सम्मिलित होंगे। अपनी झीलों और उद्यानों की सुरम्य पृष्ठभूमि के साथ भोपाल थीमैटिक गार्डन, तकनीकी सत्रों, सांस्कृतिक प्रस्तुतियों और राज्य भर में पर्यटन अनुभवों के लिए एक आदर्श मंच प्रदान करेगा।

जापान के फुकुयामा शहर में आयोजित हुए 20वें वर्ल्ड रोज़ कन्वेंशन में इसकी आधिकारिक घोषणा हुई। जिसमें भारत का प्रतिनिधित्व मध्य प्रदेश पर्यटन बोर्ड (एमपीटीबी) ने किया। इस



प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व प्रमुख सचिव पर्यटन एवं संस्कृति तथा प्रबंध संचालक, मध्यप्रदेश टूरिज्म बोर्ड श्री शिव शेखर शुक्ला ने किया। इस समारोह में वर्ल्ड फेडरेशन ऑफ रोज़ सोसायटीज़ के नए अध्यक्ष श्री सुशील प्रकाश बनाए गए। वे पहले भारतीय हैं जो डब्ल्यूएफआरएस के अध्यक्ष के रूप में चुने गए हैं।

इस अवसर पर जापान के फुकुओका शहर में इंडियन कौंसल जनरल रामकुमार के साथ एमपीटीबी के डिप्टी डायरेक्टर (इवेंट एंड मार्केटिंग) विवेक जूड, ट्रेवल इंडिया टूर्स के महेंद्र प्रताप सिंह सहित मध्य प्रदेश रोज़ सोसायटी के 14 सदस्य उपस्थित थे। कंवेन्शन के समापन समारोह में प्रमुख सचिव श्री शुक्ला को डब्ल्यूएफआरसी द्वारा आतिथ्य का अधिकार प्रदान करते हुए सम्मान पूर्वक ध्वज सौंपा गया। समारोह में ऑस्ट्रेलिया, जापान, फिनलैंड, यूनाइटेड किंगडम, यूरोप, दक्षिण कोरिया और कई अन्य देशों के 500 से अधिक अंतर्राष्ट्रीय प्रतिनिधि सम्मिलित हुए। गौरतलब है कि राज्यपाल मंगुभाई पटेल मध्यप्रदेश रोज़ सोसायटी के मुख्य संरक्षक हैं।

प्रमुख शुक्ला ने कहा कि "अतुलनीय और अद्भुत मध्य प्रदेश" में 21वें वर्ल्ड रोज़ कंवेन्शन के आतिथ्य का अवसर प्राप्त करना हमारे लिए गर्व का विषय है। मध्य प्रदेश अपनी सांस्कृतिक विरोसतों, धरोहरों और प्राकृतिक सौंदर्य के लिए विश्व में पहचाना जाता है। हम दुनिया भर के सभी गुलाब प्रेमियों और आगंतुकों का हृदय प्रदेश में स्वागत करते हैं।

**क्या है वर्ल्ड रोज़ कंवेन्शन** : वर्ल्ड फेडरेशन ऑफ रोज़ सोसायटीज़ (WFRS) द्वारा हर तीन साल में दुनिया के अलग–अलग देशों में वर्ल्ड रोज़ कंवेन्शन का आयोजन किया जाता है। इस कंवेन्शन में दुनिया भर के गुलाब प्रेमी, विशेषज्ञ और आगंतुक एक शहर में जुटते हैं। 20वां वर्ल्ड रोज़ कंवेन्शन जापान के फुकुयामा शहर में 18 से 24 मई 2025 में आयोजित किया गया। इसके आतिथ्य का अवसर जापान रोज़ सोसायटी को प्राप्त हुआ। गुलाब की खेती, गमले में रोपण तकनीक, मिट्टी विज्ञान और बागवानी नवाचार पर केंद्रित प्रदर्शनियां, विशेषज्ञों के व्याख्यान और कार्यशालाओं का आयोजन हुआ। इसी क्रम में तीन वर्ष बाद 2028 में भोपाल, मध्य प्रदेश में इसका आयोजन होगा।

## सम्पादकीय

# 'लाल ताबूत' में आधी कील

नक्सलवाद अर्थात 'लाल आतंकवाद' के ताबूत में लगभग आधी कील घुसेड़ दी गई है। 'लाल आतंकवाद' की सांसें तभी उखड़ गईं, जब सुरक्षा बलों ने सीपीआई (माओवादी) के महासचिव, नक्सलियों की रीढ़ और ऑपरेशनल सरगना गगन्ना उर्फ बासव राजू उर्फ नंबाल्ला केशव राव उर्फ दारापू नरसिम्हा रेड्डी को ढेर कर दिया। उस पर 1 करोड़ रुपए का इनाम घोषित था। नक्सलवाद के खिलाफ करीब तीन दशकों की लड़ाई में बासव महासचिव स्तर का पहला नक्सली था। यह सुरक्षा बलों की शानदार, साहसिक, रणनीतिक सफलता और उपलब्धि है। गगन्ना अप्रैल, 2010 के उस दंतेवाड़ा हमले का 'मास्टरमाइंड' था, जिसमें नक्सलियों ने सीआरपीएफ के 75 जवानों को 'शहीद' कर दिया था। छत्तीसगढ़ की ही झिरम घाटी में 2013 में राज्य कांग्रेस के प्रमुख नेताओं के नरसंहार की रणनीति भी बासव ने ही तैयार की थी। बेशक वह खूंखार नक्सली था। वह नक्सलियों के मिलिट्री कमीशन का संचालन करता था, लिहाजा बस्तर के जंगलों में सुरक्षा बलों को सबसे ज्यादा नुकसान पहुंचाने वाले बूबी ट्रैप और आईईडी भी गगन्ना ने ही तैयार किए थे। वह आंध्रप्रदेश के एक इंजीनियरिंग कॉलेज से प्रशिक्षित बीटेक था, लिहाजा उसने नक्सलियों के हमलों को भी तकनीकी आयाम दिए। बहरहाल 'ऑपरेशन ब्लैक फॉरेस्ट' का उपसंहार, अंततः, सफल रहा, क्योंकि नक्सलियों का महासचिव मार दिया गया, एक ही दिन में 27 नक्सली भी ढेर किए गए, तेलंगाना, महाराष्ट्र और छत्तीसगढ़ से 54 नक्सलियों को गिरफ्तार किया गया और 84 अन्य नक्सलियों ने आत्मसमर्पण किया। सितंबर, 2023 से 20 मई, 2025 के दौरान छत्तीसगढ़ में ही 401 नक्सली मारे गए, जबकि 1355 ने आत्मसमर्पण किया। अब नक्सलवाद की मौजूदगी और सक्रियता देश के 7 राज्यों के 18 जिलों तक ही सिमट कर रह गई है। यह मौजूदगी 9 राज्यों के 38 जिलों में होती थी। लिहाजा हम कह रहे हैं कि 'लाल आतंकवाद' के ताबूत में लगभग आधी कील गाड़ दी गई है। संपूर्ण खात्मा अभी कुछ शेष है, लेकिन केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह 31 मार्च, 2026 तक नक्सलवाद का अस्तित्व खत्म करने के जिस लक्ष्य को दोहराते रहते हैं, वह संभव लगता है। दरअसल यह ऑपरेशन छत्तीसगढ़ के उस घने जंगल-अबूझमाड़-में सफलता के साथ किया गया है, जहां दशकों तक सरकारी अधिकारी नहीं गए अथवा जाने का साहस नहीं कर पाए और विकास की योजनाएं तो महज एक सपना थीं। नक्सलवादी स्कूलों और पक्की सडक़ों के भी खिलाफ रहे हैं और देश की संसदीय व्यवस्था के भी घोर विरोधी रहे हैं। चारु मजूमदार के नेतृत्व में नक्सलवाद पश्चिम बंगाल के सिलिगुड़ी शहर से जिस मकसद के साथ शुरू किया गया था, वह लगातार पीछे छूटता गया। किसानों और भूमिहीनों में समान जमीन का वितरण, बंटवारा नहीं हो सका, लेकिन यह आंदोलन पहले वामपंथी उग्रवाद बना और फिर खास किस्म के आतंकवाद में तबदील होता गया। पूर्व प्रधानमंत्री डा. मनमोहन सिंह का मानना था कि नक्सलवाद देश की आंतरिक सुरक्षा के लिए सबसे खतरनाक चुनौती रहा है। यह कश्मीर से भी बड़ी और भयावह चुनौती है। ऐसा ही मौजूदा गृहमंत्री अमित शाह का मानना है, लिहाजा नक्सलवाद का समूल नाश करने की रणनीति पर विचार किया गया। कांग्रेस नेतृत्व की यूपीए सरकार के दौरान नक्सलवाद देश के करीब 160 जिलों में मौजूद और सक्रिय था।

# यह तो बडा हिट फार्मूला निकला जनाब

यह ऑपरेशन सिंदूर तो बड़ा भारी हिट फार्मूला निकला जी। इसका सबूत यह है कि इसे अपना ट्रेडमार्क बनाने के लिए अभी तक सुना है तेईस आवेदन आ चुके हैं। इसमें पता नहीं उन फिल्म निर्माताओं के आवेदन शामिल हैं या नहीं जो इस नाम का इस्तेमाल करते हुए अपनी फिल्में बनाना चाहते हैं। लेकिन निश्चित रूप से इनमें रिलायंस का वह आवेदन शामिल नहीं है, जिसे लेकर विपक्षी पार्टियों और उनके विरोधियों ने सेठजी को इतना शर्मिंदा कर डाला था कि अंततः उन्होंने यह कहकर यह आवेदन वापस ही ले लिया कि किसी छोटे कर्मचारी ने गलती से यह आवेदन कर दिया था। बात भी ठीक है। सेठजी का कोई मैनेजर, सीईओ टाइप का बड़ा कारकून अगर आवेदन करता तो तेल के लिए करता, गैस के लिए करता या आईटी के किसी मलाईदार आइटम के लिए करता। निश्चित रूप से वह बंदरगाह के लिए, हवाई अड्डे के लिए, सोलर एनर्जी के लिए तो नहीं करता क्योंकि वह इलाका किसी दूसरे सेठ की चारागाह है। सबके इलाके बंटे हुए हैं जी। फिल्म वाले तो खैर ऐसी चीजों पर बिल्कुल वैसे ही मंडराने लगते हैं जैसे गुड़ पर मक्खी। वैसे भी इस वक्त फिल्मों में देशभक्ति की लहर चल रही है। फिल्में चाहे चलें न चलें, लहर तो चलनी ही चाहिए। इससे सरकार में साझा हो जाता है। खैर जी, जैसे हमने आपदा को अवसर में बदलना सीख लिया है, वैसे ही हमने देशभक्ति को धंधे में बदलना भी सीख लिया है। वैसे भी ट्रंप साहब तो कह ही रहे हैं कि धंधे का वास्ता देकर ही मैंने भारत और पाकिस्तान के बीच युद्ध विराम करवाया है। मतलब धंधा बड़ी चीज है। सो अब धंधेबाज ऑपरेशन सिंदूर के धंधे में लग गए हैं। हालांकि, धंधा पहले भी हुआ है। करगिल युद्ध के बाद करगिल द्रास क्षेत्र को पर्यटन क्षेत्र में तब्दील करने की बड़ी बातें हुई थी। वैसे अगर युद्ध क्षेत्र इतने ही आकर्षक पर्यटन स्थल के रूप में हिट हो जाते तो हरियाणा को अब तक पर्यटन में सर्वोच्च स्थान प्राप्त हो जाता, जहां महाभारत से लेकर तराइन और पानीपत तक न जाने कितने युद्ध क्षेत्र पर्यटकों को तरस रहे हैं। लेकिन उससे भी पहले हमारे देश के डाकुओं के प्रिय और पसंदीदा क्षेत्र चंबल के बीहड़ों को भी पर्यटन क्षेत्र में तब्दील करने के बड़े-बड़े वादे किए गए थे। खैर, ऑपरेशन सिंदूर को लेकर चाहे कितनी ही चिक-चिक मची हो-कोई कह रहा है युद्धविराम क्यों हुआ, कोई कह रहा है पाकिस्तानी सेना को पहले क्यों सूचित किया, कोई पूछ रहा है कि नुकसान कितना हुआ। लेकिन इतना तय है कि इससे धंधा अच्छा जम जाएगा। फिल्म वालों का हो या उद्योग वालों का। नहीं क्या?

# सुरक्षा में रणनीतिक गेम चेंजर बनी ब्रह्मोस



एयर मार्शल अमित तिवारी (अ.प्रा.)

दक्षिण चीन सागर में चीन की बढ़ती उपस्थिति से बनती चिंताओं के आलोक में, आसियान देशों द्वारा ब्रह्मोस खरीदना उनकी क्षेत्रीय प्रतिरोधक क्षमता को मजबूती प्रदान कर सकता है। इस विशिष्ट बाजार में भारत के प्रवेश से एशियाभर में इसके सामरिक और आर्थिक संबंध मजबूत होंगे। ब्रह्मोस की सफलता 'आत्मनिर्भर भारत' को बढ़ावा देने वाले सरकार के प्रयासों का एक उदाहरण है। इस मिसाइल में 70 प्रतिशत से अधिक कल-पुर्जे भारत निर्मित हैं। इसकी सफलता से डीआरडीओ, भारतीय उद्योगों और शिक्षाविदों के बीच सहयोग और नवाचार को बढ़ावा मिलने की संभावना है।

महायुद्ध के दौरान वायु सेना के महारथी कहा करते थे कि हवाई ताकत स्वाभाविक रूप से आक्रामक होती है और इसको अपना काम करने की पूरी छूट होनी चाहिए, जीत के लिए हवाई युद्ध में श्रेष्ठता होना आवश्यक है; बमवर्षक दुश्मन की रक्षा में सेंध लगा देते हैं और इसके बाद रणनीतिक बमबारी के जरिए उसकी इच्छाशक्ति को तोड़ा जा सकता है। हालिया सैन्य कार्रवाई में, भारतीय वायु सेना द्वारा हवा से प्रक्षेपित ब्रह्मोस का समायोजन सुखोई-30 एमकेआई लड़ाकू विमान से करने की सार्थकता फिर पुष्टि करती है कि यह सिद्धांत अभी भी उतना ही सही है, जिसकी वजह से पाकिस्तान युद्ध विराम का अनुरोध करने को मजबूर हुआ।

1983 में, भारत सरकार ने एकीकृत गाइडेड मिसाइल विकास कार्यक्रम का गठन किया। शुरुआत में यह बैलिस्टिक मिसाइलों पर केंद्रित था। लेकिन 1991 के खाड़ी युद्ध के दौरान इराकी वायु रक्षा प्रणालियों पर अमेरिकी युद्धपोतों और हवाई जहाजों से प्रक्षेपित टॉमहॉक क्रूज मिसाइलों के विनाशकारी प्रभाव ने भारत को इसका दायरा बढ़ाने को प्रेरित किया। साल 1998 में डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम ने अपने रूसी समकक्ष के साथ एक समझौते पर हस्ताक्षर किए, जिसके तहत ब्रह्मोस एयरोस्पेस संयुक्त उद्यम की स्थापना की गई। साल 2001 में ब्रह्मोस का पहला टैस्ट लॉन्च किया गया।

ब्रह्मोस एक दो-चरणीय क्रूज मिसाइल है, जिसके प्रथम चरण प्रकोष्ठ में एक ठोस प्रोपैलेंट बूस्टर भरा रहता है, जो मिसाइल को सुपरसोनिक (आवाज की गति) बना देता है। अपना काम पूरा करने के बाद, इस प्रकोष्ठ के अलग होने के उपरांत, आगे की उड़ान एक तरल-ईंधन चालित रैमजेट इंजन से होती है। जो इसे मैक-3 (ध्वनि की गति से तीन गुणा) जितनी क्रूज़िंग रफ्तार प्रदान करता है। यह मिसाइल 15 किमी की ऊंचाई लेकर महज 10 मीटर के बीच उड़ान भर सकती है और इसकी कार्य सीमा 300-800 किमी तक हो सकती है। यह 200-300 किलोग्राम तक का पारंपरिक वारहेड (विस्फोटक) ले जा सकती है और 'फायर-एंड-फॉरगेट' सिद्धांत पर काम करती है। दागे जाने के बाद, यह इनर्शियल नेविगेशन, उपग्रहीय मार्गदर्शन और इलाके की भूगोलीय रूपरेखा के मिलान का उपयोग करके अपने लक्ष्य तक स्वायत्त रूप से पहुंचती है, और एक मीटर से भी कम की सटीकता से वार करने में समर्थ है। हवा-से-सतह पर मार करने वाला इसका संस्करण 2017 में बना और इसे 2020 में स्क्वाड्रन 222, टाइगर शार्क्स में शामिल किया गया था। ब्रह्मोस को इसकी परम गति, सटीकता और गतिज प्रभाव सबसे घातक पारंपरिक क्रूज मिसाइलों में से एक बनाती है। ब्रह्मोस की गति से बनने वाले सीधे प्रबलित प्रहार का आघात गहरे बंकरों, युद्धपोतों या कमांड सेंटर तक को नष्ट कर सकता है। इसकी गतिज यानी काईनैटिक ऊर्जा अमेरिकी टॉमहॉक मिसाइल से 32 गुना अधिक है।

जैसे-जैसे थल आधारित वायु रक्षा प्रणालियां अधिक सटीक एवं घातक होती जा रही, हवाई माध्यम (लड़ाकू विमान) को अपने काम को अंजाम देने में जो स्वतंत्रता पहले कभी हासिल थी, वह कम होती जा रही है। यूक्रेन-रूस युद्ध इसका जीवंत उदाहरण है। शुरुआती चरणों में अपने-अपने विमान बेड़े का भारी नुकसान उठाने के बाद, दोनों पक्षों ने युद्धग्रस्त क्षेत्रों में उड़ान भरने से परहेज करने और लंबी दूरी के हवाई हथियारों पर भरोसा करना शुरू किया।

यही तरीका हालिया भारत-पाक टकराव में देखने को मिला। न तो भारतीय और न ही पाकिस्तानी लड़ाकू विमान एक-दूसरे देश की वायु सीमा में दाखिल हुए। पाकिस्तानी हमलों में ज्यादा निर्भरता तुर्किये निर्मित ड्रोनों पर रही, जिनमें अधिकांश मार गिराये गये। पाकिस्तान ने 'फतह' नामक बैलेस्टिक मिसाइल का भी उपयोग किया। इन बैलिस्टिक मिसाइलों का राडार क्रॉस-सेक्शन मार्क अधिक होता है और वे एक पूर्वानुमानित लीक, उच्च-ऊंचाई वाले परवलयिक प्रक्षेप पथ (हाई आल्टीट्यूड पैराबॉलिक ट्रैजेक्ट्री) का अनुसरण करती हैं। यह उनकी कमजोरी भी बन जाता है, जिसका आकलन करके, उन्हें हवा में ही नष्ट करना आसान हो जाता है। निश्चित रूप से, भारत ने तमाम हमलावर मिसाइलों को मार गिराया। इसके विपरीत, भारत ने एकदम सटीकता के साथ लक्ष्यों को नष्ट करने की क्षमता रखने वाली ब्रह्मोस मिसाइलों को सुखोई एमकेआई-30 से छोड़ा। हालांकि विस्तृत परिणाम गोपनीय ही रहेंगे, लेकिन इनकी मार का असर निर्विवाद है। इन मिसाइलों ने सटीक हमले के मकसद हासिल करते हुए, पायलटों के लिए न्यूनतम जोखिम सुनिश्चित किया। कम ऊंचाई पर उड़ने की अपनी क्षमता, सुपरसोनिक क्रूज प्रोफ़ाइल के कारण, ब्रह्मोस को मौजूदा वायु रक्षा प्रणालियों के साथ रोक पाना लगभग असंभव है। भारतीय वैज्ञानिक पहले से ही भविष्य के अधिक घातक संस्करण, ब्रह्मोस-एनजी (नेक्स्ट जेनरेशन) विकसित करने में लगे हैं। यह छोटी और हल्की होंगी और तेजस, मिराज़ और राफेल जैसे विमानों से छोड़ी जा सकेंगी। महत्वपूर्ण बात यह है कि यह करते वक्त गति, दायरा, मारक क्षमता या चुपके से मार करने की



विशेषता से कोई समझौता नहीं किया जाएगा। एक्टिव इलेक्ट्रॉनिकली स्कैन्ड ऐरे रडार से लैस करने से इनकी सटीकता और बढ़ जाएगी। ठीक इसके साथ, रूसी जिरकोन मिसाइल से प्रेरित, ब्रह्मोस-II के रूप में एक हाइपरसोनिक संस्करण विकसित किया जा रहा है। इसमें स्क्रैमजेट इंजन लगा होगा, जिससे गति 8 मैक से अधिक और रेंज 1,500 किमी से अधिक हो जाएगी। इसे रोकना असंभव होगा। यह मिसाइल सच में गेम चेंजर हो सकती है।किसी देश के रणनीतिक प्रभाव को बढ़ाने में हथियारों का निर्यात महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। भारत से ब्रह्मोस मिसाइल खरीदने वाला फिलीपींस 2022 में इसका पहला ग्राहक बना। वियतनाम और इंडोनेशिया ने भी दिलचस्पी दिखाई है।



# चुनाव प्रक्रिया को पारदर्शी-समावेशी बनाने का प्रयास

भारत निर्वाचन आयोग ने हाल ही में मतदाता सूची में इलेक्टर्स फोटो आइडेंटिटी कार्ड यानी ईपीआईसी नंबरों की डुप्लिकेशन समस्या को हल करने के लिए नए पहचान पत्र जारी करने का निर्णय लिया है। यह निर्णय लगभग दो दशक पुरानी एक तकनीकी समस्या को संबोधित करता है, जिसमें विभिन्न राज्यों के मतदाताओं को गलती से एक जैसे ईपीआईसी नंबर आवंटित हो गए थे। इसके परिणामस्वरूप मतदान के दौरान भ्रम की स्थिति उत्पन्न हुई, कुछ मत अमान्य घोषित किए गए, और चुनावी प्रक्रिया की विश्वसनीयता पर प्रश्नचिह्न लगने लगे।

ईपीआईसी नंबर, जिसे आमतौर पर वोटर आईडी के रूप में जाना जाता है, भारतीय मतदाताओं की पहचान का एक महत्वपूर्ण दस्तावेज है। यह प्रत्येक मतदाता को मतदाता सूची में एक विशिष्ट पहचान प्रदान करता है, जो निष्पक्ष एवं पारदर्शी चुनाव प्रक्रिया के लिए आवश्यक है। निर्वाचन आयोग ने इस समस्या के समाधान के लिए नए और अद्वितीय ईपीआईसी नंबरों के साथ मतदाता पहचान पत्र जारी करने का निर्णय लिया है। यह कदम मतदाता डेटाबेस को अद्यतन और त्रुटिरहित बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण प्रयास है। इस निर्णय का प्रभाव केवल तकनीकी सुधार तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि यह भारतीय राजनीति और चुनावी प्रक्रिया की विश्वसनीयता को भी सुदृढ़ करेगा।

डुप्लिकेट ईपीआईसी नंबरों की समस्या ने मतदाता सूची की सटीकता पर गंभीर प्रश्न खड़े किए थे। नए पहचान पत्रों के जारी होने से मतदाता डेटाबेस अधिक विश्वसनीय और पारदर्शी बन सकेगा, जिससे निर्वाचन आयोग की निष्पक्षता और कार्यक्षमता को बल मिलेगा तथा मतदाताओं का विश्वास और बढ़ेगा। पूर्व में, डुप्लिकेट ईपीआईसी नंबरों के कारण कई मतदाताओं को मतदान करने में कठिनाइयों का सामना करना पड़ता था, और कुछ मामलों में उनके मत अमान्य कर दिए जाते थे। अब, नए और अद्वितीय ईपीआईसी नंबरों के माध्यम से मतदाताओं को अपनी पहचान सत्यापित करने में सुविधा होगी, जिससे मतदान प्रक्रिया अधिक सुचारु और समावेशी बन सकेगी।

यह निर्णय निर्वाचन आयोग के डिजिटल और तकनीकी आधुनिकीकरण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। डुप्लिकेशन की समस्या को समाप्त करने के लिए डेटाबेस को अद्यतन करने और एक केंद्रीकृत प्रणाली को अपनाने की आवश्यकता थी। यह भविष्य में अन्य तकनीकी सुधारों— जैसे आधार से मतदाता सूची को जोड़ने या बायोमेट्रिक सत्यापन को लागू करने — के लिए आधार प्रदान कर सकता है। साथ ही, यह निर्णय चुनावी धोखाधड़ी, जैसे फर्जी मतदान, को रोकने में सहायक सिद्ध होगा।

# जुआ खेलते 6 लोग पकडाए, दो फरार

### 75 हजार रुपए, 7 बाइक और 1 स्कूटी जब्त




**हमारा स्वराज । सीहोर**

सीहोर में पुलिस ने जुआ खेलते 6 लोगों को गिरफ्तार किया है। भटोनी गांव में खेत के पास सरकारी गोशाला के पास जुआ खेलते 8 लोगों पर छापा मारा गया। इनमें से 6 लोग पकड़े गए, जबकि 2 आरोपी ताश और पैसे फेंककर भाग गए। पकड़े गए आरोपियों में सलमान (रानी मोहल्ला गंज), मुजाहिद राईन (पल्टन एरिया), मोहसिन (गोहापुरा), अरशद (पान चौराहा), नाजिम शेख (मछली बाजार) और मोहसिन (सिपाहीपुरा) शामिल हैं। फरार हुए आरोपियों में संतोष यादव और फैजान कटर हैं।

पुलिस ने मौके से 75 रुपए नकद, 52 ताश के पत्ते, 6 मोबाइल फोन, 7 मोटरसाइकिल और 1 स्कूटी जब्त की है। ये कार्रवाई एसपी दीपक कुमार शुक्ला और नगर पुलिस अधीक्षक निरंजन राजपूत के निर्देशन में की गई। आरोपियों के खिलाफ जुआ एक्ट के तहत कार्रवाई की गई है।

# सड़क हादसा : रहली के बड़े पुल पर वाहन ने मारी टक्कर सिर में चोट लगने से मूकबधिर ने तोड़ा दम

**हमारा स्वराज । सागर**

सागर के रहली में सड़क दुर्घटना में मूकबधिर की मौत हो गई। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव का पंचनामा बनाया। रविवार को शव का पोस्टमॉर्टम कराकर परिवार वालों को सौंपा गया है। पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर मामला जांच में लिया है।



पुलिस के अनुसार, पंकज पिता कलू बाल्मिकी (30) निवासी पंडलपुर वार्ड रहली शनिवार की देर रात बड़े पुल से होते हुए पैदल जा रहा था। तभी अज्ञात वाहन ने उसे टक्कर मार दी। टक्कर में पंकज गंभीर घायल हुआ। सिर, पेट और पैर में गंभीर चोटें आने से उसकी मौके पर ही मौत हो गई। घटना देख आसपास के लोग मौके पर पहुंचे। पुलिस को सूचना दी।

पंकज के भाई विजय बाल्मीकी ने बताया कि हम लोग 6 भाई थे। पंकज तीसरे नंबर का था। वह सुन और बोल भी नहीं सकता था। शनिवार रात बड़े पुल के पास पंकज पड़ा हुआ था। सूचना मिलते ही हम लोग मौके पर पहुंचे। जहां पंकज के सिर, पैर, हाथ में गंभीर चोटें लगी थी। उसकी मौत हो चुकी थी। रहली पुलिस ने मामले में प्रकरण दर्ज किया है।

### लटेरी तहसील के ग्रामीण इलाकों में पेयजल संकट से लोग हो रहे परेशान

# कुएं में बचे थोड़े से पानी के लिए 6 से 8 घंटे तक लग रहे लाइन में

**हमारा स्वराज । विदिशा**

भीषण गर्मी ने जिले के लटेरी तहसील के ग्रामीण इलाकों में पेयजल संकट को भयावह बना दिया है। हालात इतने बदतर हो चुके हैं कि ग्रामीणों को पीने के पानी के लिए मीलों भटकना पड़ रहा है। कहीं लोग 300 रुपए प्रति माह खर्च कर पानी खरीदने को मजबूर हैं। कहीं एक कुएं में बचे जरा से पानी के लिए 6 से 8 घंटे की कतार लग रही है। ग्रामीणों की यह पीड़ा तब और गहरी हो जाती है, जब सरकारी नल-जल योजनाएं और हैंडपंप सूखे पड़े हैं। प्रशासन के बड़े-बड़े दावे हवा-हवाई साबित हो रहे हैं। भास्कर की टीम ने कालादेव, मढ़ावता और बनारसी कला जैसे गांवों में पहुंचकर हकीकत जानी। शासन-प्रशासन के कई दावों की पोल खुल गई। कालादेव में पानी की किल्लत ने ग्रामीणों की जिंदगी को नरक बना दिया है। चतुर्भुज चौरसिया, संपत बाई और कल्लू चौरसिया ने बताया कि नहाने-धोने की तो बात ही छोड़िए, पीने का पानी भी नसीब नहीं हो रहा। 300 रुपए प्रति माह खर्च करने के बाद भी टैंकर समय पर नहीं आता। आयोजनों के लिए एक दिन के टैंकर का किराया 1000 रुपए तक वसूला जा रहा है। सरपंच पति रामेश्वर शर्मा ने खुलासा किया कि 8-9 साल पहले बनी पानी की टंकी आज तक शुरू नहीं हुई। नल-जल योजना की नई टंकी भी दो साल से अधूरी पड़ी है। ग्रामीण प्राइवेट टैंकरों पर निर्भर हैं, जो उनकी जेब पर भारी पड़ रहे हैं। लटेरी के कुछ गांवों में जलसंकट की स्थिति है। संबंधित अधिकारियों को भेजकर निरीक्षण कराएंगे और गांव में जलसंकट का समाधान करेंगे। गांव में पानी के लिए वैकल्पिक व्यवस्था क्या हो सकती है, इस पर फिलहाल काम करेंगे। ओपी सनोडिया, सीईओ, जिला पंचायत विदिशा। मढ़ावता के पालपुर मजरा में स्थिति और भी दयनीय है। सुबह होते ही पूरा परिवार पानी की तलाश में निकल पड़ता है। पहाड़ी पर बसे माजरे से डेढ़-दो किलोमीटर नीचे जाकर महिलाएं और बच्चियां मटके और ड्रम सिर पर लादकर पानी ढोती हैं। आधा दिन इसी में निकल जाता है। पहले यहां दो हैंडपंप थे, जो अब सूख चुके हैं। सरपंच प्रतिनिधि संतोष मीना ने बताया कि नल-जल योजना के तहत केवल पाइपलाइन डाली गई है। न टंकी बनी, न ट्यूबवेल। ग्रामीणों की शिकायतें अनसुनी हो रही हैं।



# पाराशर एशियाई वेटलिफ्टिंग में करेंगे भारत का प्रतिनिधित्व

### मध्यप्रदेश से चुने गए एकमात्र खिलाड़ी, 89 किलो वर्ग में करेंगे प्रतिस्पर्धा



**हमारा स्वराज । सीहोर**

सीहोर के बिलकिसगंज के मोहन पाराशर 27 से 31 मई तक कतर के दोहा में होने वाली मास्टर्स वेट लिफ्टिंग एशियन चैंपियनशिप में भारत का प्रतिनिधित्व करेंगे। 65 वर्षीय पाराशर 89 किलोग्राम वर्ग में 65-69 आयु वर्ग में प्रतिस्पर्धा करेंगे। पाराशर मध्य प्रदेश के एकमात्र खिलाड़ी हैं जिन्हें इस प्रतियोगिता के लिए चुना गया है। वे पिछले 50 सालों से वेट लिफ्टिंग में सक्रिय हैं। उनकी दिनचर्या में अब भी सुबह 3 घंटे और शाम को 1 घंटे का अभ्यास शामिल है।

### 13 साल की उम्र से शुरू हुआ सफर

13 साल की उम्र में जिला स्तर पर स्वर्ण पदक जीतने से शुरू हुआ उनका सफर आज तक जारी है। पाराशर ने 2021 में ऑस्ट्रेलिया कॉमनवेल्थ, मार्च 2023 में न्यूजीलैंड के ऑकलैंड में मास्टर्स वर्ल्ड कप और नवंबर 2023 में ग्रीस के एथेंस में अंतरराष्ट्रीय मास्टर्स वेटलिफ्टिंग में स्वर्ण पदक जीते हैं।

### वेटलिफ्टिंग में भारत के लिए लगातार जीत रहे मेडल

हाल ही में जर्मनी में हुई अंतरराष्ट्रीय वर्ल्ड चैंपियनशिप में भी उन्होंने भारत को स्वर्ण पदक दिलाया। उनकी उपलब्धियों को देखते हुए रविवार को स्थानीय खेल प्रेमियों ने ढोल-बाजों के साथ उनकी विदाई की। पाराशर के पास अब तक तीन विश्व स्तरीय प्रतियोगिताओं और दो कॉमनवेल्थ चैंपियनशिप में जीते स्वर्ण पदक हैं।

# घरों में बिजली चोरी पकड़ने पर महिलाओं ने किया हंगामा



**हमारा स्वराज । विदिशा**

हरीपुर खिरिया इलाके की बांके बिहारी और रामायणी कॉलोनी में बिजली कंपनी ने शनिवार शाम छापामार कार्रवाई की। यहां 150 से ज्यादा घर हैं।

इनमें से 60 से ज्यादा घरों में बिना मीटर के अवैध रूप से बिजली का उपयोग हो रहा था। लोग टीवी, कूलर, फ्रिज और हीटर चला रहे थे।

कार्रवाई की खबर मिलते ही बड़ी संख्या में लोग घरों से बाहर आ गए। बिजली कंपनी के अधिकारियों से बहस करने लगे। एई शरद महोबिया ने बताया, पुरुषों ने हंगामा किया। महिलाओं को आगे कर दिया। महिलाएं अधिकारियों के वाहनों के आगे लेट गईं। काटे गए तारों को वापस करने की मांग करने लगीं। हंगामा बढ़ने पर अधिकारियों ने पुलिस को सूचना दी। इसके बाद कंपनी के निजी सुरक्षा गार्ड और पुलिस मौके पर पहुंचे। 60 से ज्यादा घरों के अवैध कनेक्शन काटे गए। 4 से ज्यादा लोगों पर कार्रवाई करते हुए 20 हजार रुपए का जुर्माना लगाया गया।

# कुएं में छिपाकर रखी 10 पेटी अंग्रेजी शराब बरामद

**हमारा स्वराज । सागर**

सागर की बंडा थाना पुलिस ने शनिवार को ग्राम नौराज के पास खेत में बने कुएं से बड़ी मात्रा में अवैध शराब जब्त की है। आरोपी कुएं में शराब छिपाकर रखे थे। पुलिस ने खेत में दबिश दी तो आरोपी खेतों के रास्ते भाग निकले। मामले में पुलिस ने कार्रवाई करते हुए 10 पेटी अंग्रेजी शराब जब्त की। आरोपियों के खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज कर जांच में लिया है। पुलिस के अनुसार, मुखबिर से सूचना मिली थी कि ग्राम नौराज के पास स्थित खेत पर बने कुआं में भारी मात्रा में अवैध रूप से शराब रखी हुई है। दो लोग शराब बेचने का काम कर रहे हैं। सूचना मिलते ही पुलिस टीम गठित कर कार्रवाई के लिए रवाना की गई। टीम ने नौराज गांव पहुंचकर खेत पर दबिश दी। जहां कुआं से दो युवक निकलते हुए नजर आए। वह पुलिस वाहनों को देखकर खेतों के रास्ते भाग निकले। पुलिस जवानों ने काफी दूर तक उनका पीछा किया। लेकिन वह फरार हो गए। भागते समय आरोपियों की पहचान गब्बर सिंह राजपूत और सतीश सिंह राजपूत दोनों निवासी ततरवारा के रूप में हुई। जिसके बाद पुलिस टीम ने कुएं की सर्चिंग की। जहां देखा तो कुएं में पानी नहीं था। करीब 6 फीट की गहराई पर शराब की पेटियां रखी थी। जिन्हें पुलिस ने कुएं में उतरकर जब्त किया। 10 पेटी की कीमत 58 हजार 900 रुपए है।

### रायसेन में 15 जगहों पर होगा पौधारोपण, दो साल तक करेंगी देखभाल

# 'वोमेन फॉर ट्री' कैंपेन में महिलाएं लगाएंगी 1500 पौधे

**हमारा स्वराज । रायसेन**

रायसेन में अमृत 2.0 और डे एनयूएलएम के सहयोग से विशेष पौधरोपण अभियान शुरू होने जा रहा है। ये अभियान भारत सरकार के 'वोमेन फॉर ट्री' कैंपेन के तहत चलाया जाएगा।

शहर में 15 चयनित स्थानों पर कुल 1 हजार 500 पौधे लगाए जाएंगे। इस अभियान की खास बात ये है कि पौधरोपण से लेकर देखभाल तक का सारा काम महिलाएं ही करेंगी। सभी पौधों की जियो टैगिंग की जाएगी। हर पौधे का ऑनलाइन रिकॉर्ड उसे लगाने वाली महिला के नाम से दर्ज किया जाएगा। महिलाओं को इस काम के लिए प्रोत्साहन राशि दी जाएगी। वे दो साल तक पौधों की देखभाल करेंगी। स्व-सहायत समूह की महिला सदस्यों को विभिन्न स्थल का भ्रमण कराया जा रहा है। इससे उन पौधरोपण के लिए उपयुक्त स्थान चुनने मदद मिल रही है।

### 5 जून से शुरू होगा पौधरोपण

एनयूएलएम की सिटी मैनेजर रा तिवारी के अनुसार, अमृत पार्क, फिल्ट प्लांट और डिवाइडर समेत कई स्थानों क चयन किया गया है। पौधरोपण अभियान जून से शुरू होगा।



### मारपीट में आई चोटों से मौत होने का संदेह

# सागर में नदी किनारे पठार पर मिला युवक का शव

**हमारा स्वराज । सागर**

सागर में बंडा थाना क्षेत्र की बरा पुलिस चौकी के तहत आने वाले ग्राम चक्रनिवारी के पास नदी किनारे पठार पर युवक का शव मिला है। ग्रामीणों ने शव देखा तो पुलिस को सूचना दी। पुलिस मौके पर पहुंची और शव का पंचनामा बनाया। मृतक की पहचान कमलेश रैकवार उम्र 30 साल निवासी चक्रनिवारी के रूप में हुई है।



घटना की सूचना मिलते ही बंडा एसडीओपी शिखा सोनी, थाना प्रभारी अंजली उदैनिया, बरा चौकी प्रभारी अशोक उपाध्याय ने टीम के साथ मामले की जांच शुरू की है। परिजन का आरोप है कि कुछ लोगों ने मृतक के साथ मारपीट की है। मारपीट में आई चोटों से उसकी मौत हुई है। दो अन्य लोग भी घायल हुए हैं। पुलिस मारपीट करने वालों की तलाश कर रही है। वहीं पोस्टमार्टम रिपोर्ट में मृतक की मौत का कारण स्पष्ट हो सकेगा। एसडीओपी शिखा सोनी ने बताया कि मामले में मर्ग कायम कर जांच में लिया है। मारपीट समेत अन्य बिंदुओं पर जांच की जा रही है।


हमारा स्वराज
इंदौर, सोमवार, 26 मई 2025

# बदलाव : सिकलसेल बीमारी के प्रति लोगों में जागरूकता बढ़ रही

**हमारा स्वराज । धार**

आदिवासी इलाकों में जागरूकता के अभाव के कारण सिकल सेल के मरीजों की संख्या बढ़ रही है। इंदौर संभाग में इंदौर जिले को छोड़कर अन्य सभी जिलों में इसके मरीज है। संभाग के धार 25 सौ मरीज तो झाबुआ, अलीराजपुर, खरगोन, बड़वानी, खंडवा, बुरहानपुर में वर्ष 2024-25 में सिकल सेल के 6736 नए मरीज मिले हैं। सबसे अधिक मरीज बड़वानी में 2200 मिले हैं, वहीं सबसे कम मरीज बुरहानपुर में 104 मिले हैं। यह मरीज मिलना चिंताजनक है।

सिकल सेल के मरीज आदिवासी इलाकों में हैं। हालाकि आदिवासी क्षेत्रों में तेजी से बढ़ रहे सिकल सेल के मरीजों की संख्या कम करने के लिए केंद्र और राज्य सरकार लगातार प्रयास कर रही है। इस बीमारी से पीड़ित व्यक्ति का उपचार बहुत ही मुश्किल भरा होता है। संभागभर में कई लोग अपनी जान इस बीमारी के कारण गंवा चुके हैं। लगातार खून की कमी होने और उस कारण होने वाली अन्य बीमारियों के कारण बच्चों की जिंदगी खतरे में पड़ जाती है। वहीं इस पूरे मामले में देखने में मिला है। बताया देकि माता-पिता दोनों को सिकल सेल बीमारी है, तो उनके बच्चों को सिकल सेल होने की संभावना अधिक होती है। इसलिए शादी के पहले इसकी जांच जरूर करवा लेना चाहिए।



### जड से खत्म करने के लिए अभियानः

वही धार जिले में सिकलसेल बीमारी को जड़ से खत्म करने के लिए अभियान चलाया जा रहा है। इसके अच्छे परिणाम सामने आ रहे है। बीमारी को जड़ से खत्म किया जा सके। इसके लिए सिकलसेल पीड़ितों को शादी नहीं करने के लिए राजी किया जा रहा है। वहीं जिनकी शादी हो गई है। वह फैमिली प्लानिंग नहीं करेंगे। विशेषज्ञों की माने तो ऐसा करने से बीमारी को खत्म किया जा सकता है। क्योंकि सिकलसेल पीड़ित के बच्चों से भी जन्म से ही इस बीमारी से ग्रसित होते है।

### 26 लाख मे 12 लाख लोगो की जाँच

जानकारी के अनुसार जिले की आबादी 26 लाख 87 हजार 432 है। इनमें से अब तक 12 लाख 7 हजार लोगों की जांच की जा चुकी है। जिले में जांच का टारगेट पूरा हो चुका है। इनमें से 2 हजार 519 रोगी मिले हैं। इसके अलावा 25 हजार 83 सिकलसेल के वाहक मिल चुके हैं। इन लोगों को स्वास्थ्य विभाग द्वारा जरूरी दवाइयां और फोलिग एसिड की टेबलेट दी जा रही हैं ताकि उनकी रोग प्रतिरोधक क्षमता कम न हो। जो ज्यादा गंभीर हैं, उन्हें जिला अस्पताल में ब्लड भी चढ़ाया जा रहा है। स्वास्थ्य विभाग के अनुसार स्क्रीनिंग आदिवासी आबादी वाले क्षेत्रों में की गई है, जहां सिकलसेल के ज्यादा मरीज और वाहक हैं। वहीं सिकलसेल की रोकथाम को लेकर आज पीजी कालेज में आयोजित होने वाला है । इस कार्यशाला में राज्यपाल मंगूभाई पटेल शामिल होकर लोगों को प्रेरित करेंगे।

### प्रदेश के पांच जिलों में 75 प्रतिशत मरीज

भारत में जनजातीय आबादी में लक्षणों की व्यापकता लगभग 10 प्रतिशत है और रोग की व्यापकता एक प्रतिशत है। मध्य प्रदेश के 45 में से 27 जिले सिकल सेल जोन में आते हैं। प्रदेश में सिकल सेल के 75 प्रतिशत मरीज आदिवासी जिले अलीराजपुर, अनूपपुर, छिंदवाड़ा, झाबुआ और डिंडोरी के हैं। बता दें कि सिकल सेल एनीमिया में लाल रक्त कोशिकाओं का आकार टेढ़ा (हंसिए की तरह) हो जाता है, जिससे पीड़ितों को खून की कमी, जोड़ों में दर्द सहित कई समस्याएं होने लगती हैं। इस बीमारी का कोई इलाज नहीं है। वाहक महिला-पुरुष के बीच विवाह संबंध बचाकर इस बीमारी से पीड़ित संतान के जन्म को रोका जा सकता है।

| जिला | स्क्रीनिंग | नेगेटिव | रोगी |
|---|---|---|---|
| धार | 2687432 | 127000 | 2519 |
| झाबुआ | 680426 | 665885 | 980 |
| अलीराजपुर | 500733 | 487356 | 888 |
| खरगोन | 427262 | 417066 | 1470 |
| बड़वानी | 369899 | 349831 | 2200 |
| खंडवा | 116373 | 113340 | 235 |
| बुरहानपुर | 90978 | 88697 | 104 |

---

**महाकाल दर्शन को आई युवती से की छेड़छाड़, आरोपी गिरफ्तार**

# 'सोनू' बनकर चैटिंग करता था शाहरुख

**मोबाइल में 100 से ज्यादा हिंदू लड़कियों के नंबर मिले**

**हमारा स्वराज । उज्जैन**

उज्जैन में महिला श्रद्धालु से छेड़छाड़ का मामला सामने आया है। युवती शनिवार को महाकाल दर्शन के लिए आई थी। मैजिक वाहन चलाने वाला शाहरुख ने उसे दर्शन कराने ले गया था। लौटने के दौरान रात करीब 10 बजे सुनसान क्षेत्र में ले जाकर छेडछाड़ करने लगा। युवती के शोर मचाने पर कुछ लोग वहां पहुंचे तो शाहरुख भागने लगा, तभी लोगों ने उसे पकड़ लिया। बाद में हिंदू जागरण मंच के कार्यकर्ताओं के साथ युवती ने चिंतामन थाने पहुंचकर आरोपी शाहरुख के खिलाफ केस दर्ज कराया। पुलिस ने उसे गिरफ्तार भी कर लिया है।

### कई हिंदू लड़कियों से चैटिंग के सबूत

हिंदू जागरण मंच के कार्यकर्ताओं ने जब शाहरुख के मोबाइल की जांच की तो उसमें करीब 100 से अधिक हिंदू लड़कियों के नंबर मिले



हैं। आरोपी शाहरुख, 'सोनू' नाम से लड़कियों से चैटिंग करता था। पुलिस ने उसके मोबाइल से चैटिंग की डिटेल भी निकाली है। छत्तीसगढ़ की युवती को भी कहा था कि वह शादीशुदा नहीं है, जबकि वह शादीशुदा है और दो बच्चों का पिता है।

### नवंबर 2024 में शाहरुख से परिचय हुआ था

छत्तीसगढ़ के राजनांदगांव जिले की रहने वाली युवती नवंबर 2024 में परिवार के साथ महाकाल दर्शन के लिए आई थी, उसी समय मैजिक चलाने वाले शाहरुख पिता सादिक खान से उसका परिचय हुआ था। शाहरुख का मोबाइल नंबर भी युवती के पास था। 23 मई को युवती अकेले ही महाकाल दर्शन के लिए उज्जैन आई थी।

### बोला- बाइक से घुमा दूंगा

युवती बेगमबाग क्षेत्र में होटल में कमरा लेकर ठहरी थी। महाकाल के दर्शन करने के लिए युवती ने शाहरुख को फोन किया था। उस समय शाहरुख ने कहा कि उसके पास अब मैजिक नहीं है। वह मोटर साइकिल से दर्शन करा देगा।

पहले तो युवती ने उसके साथ जाने से इनकार कर दिया। बाद में उसके बार-बार जोर देने पर युवती उसके साथ जाने को तैयार हो गई। इसके बाद शाहरुख शनिवार को रात करीब 8 बजे युवती को लेने हरसिद्धि मंदिर आया और दर्शन के लिए चिंतामन गणेश मंदिर ले गया।

### छेड़छाड़ की, शोर मचाने पर धमकी देने लगा

दर्शन के बाद युवती ने शाहरुख से कहा कि वह उसे महाकाल मंदिर छोड़ दे। इस दौरान शाहरुख चिंतामन ब्रिज के पास सुनसान रास्ते में बाइक उतारकर ले गया और हाथ पकड़कर युवती से छेडछाड़ करने लगा। युवती ने शोर मचाया तो शाहरुख ने कहा कि ज्यादा आवाज की तो जान से मार दूंगा। इस दौरान युवती की आवाज सुनकर कुछ लोग वहां पहुंच गए। हिंदू जागरण मंच के अर्जुन सिंह भदौरिया ने बताया कि युवती को छोड़कर शाहरुख भाग रहा था। इसी दौरान गड्डे में बाइक फंसने से वह पकड़ा गया। गिरने से उसको चोट भी लगी है। इसके बाद मंच के कार्यकर्ता युवती को चिंतामन थाने लेकर पहुंचे। परिवार के सदस्यों के आने के बाद युवती को उनके सुपुर्द किया जाएगा।

# वर्षा जल संचयन को लेकर जनजागरूकता बैठक

**हमारा स्वराज । खंडवा**

कलेक्टर ऋषव गुप्ता के निर्देशानुसार नगर निगम द्वारा नवकार नगर स्थित आनंद वाटिका एवं दुबे कॉलोनी स्थित मनोकामनेश्वर मंदिर प्रांगण में वर्षा जल संचयन (रैन वाटर हार्वेस्टिंग) को लेकर रविवार को दो महत्वपूर्ण सामूहिक बैठकों का आयोजन किया गया। बैठकों में आयुक्त प्रियंका राजावत, उपायुक्त एस.आर. सिटोले, निगम परिषद की जलकार्य समिति के अध्यक्ष एवं एम.आई.सी सदस्य राजेश यादव सहित निगम के अधिकारी-कर्मचारी एवं स्थानीय जनप्रतिनिधि उपस्थित



रहे। नवकार नगर की बैठक में लगभग 60 स्थानीय नागरिकों ने भाग लिया। रिशि होरा (पावरपॉइंट इलेक्ट्रॉनिक्स), डॉ. पंकज जैन, सोनल पटेल, भूपेंद्र सिंह चौहान, डॉ. वाघे (नाथ पैथोलॉजी), अखिलेश पटेल सहित कई जागरूक नागरिकों ने वर्षा जल संरक्षण पर अपने बहुमूल्य सुझाव दिए। डॉ. वाघे ने सुझाव दिया कि नवकार नगर के समस्त जल को नालियों के माध्यम से एक बड़े स्टोरेज टैंक या तालाब में फिल्टर करके एकत्र किया जाए, जिससे उसका सामूहिक उपयोग संभव हो सके। एक अन्य निवासी ने कहा कि बोरिंगधारी घरों की सूची तैयार कराकर उनमें रेन वॉटर हार्वेस्टिंग सिस्टम शीघ्र स्थापित किया जाए। सूर्यांश नामक एक बालक ने वर्षा जल संचयन पर स्वयं का तैयार किया गया मॉडल प्रस्तुत किया, जिसे सभी ने खूब सराहा। राजेश यादव, जलकार्य समिति के अध्यक्ष एवं एम.आई.सी. सदस्य के अथक प्रयासों से वार्ड में 100 घरों में वर्षा जल संचयन सिस्टम स्थापित किए जाएंगे। उन्होंने नागरिकों को समझाते हुए कहा कि वर्षा जल का संरक्षण केवल वर्तमान की ज़रूरत नहीं, बल्कि भावी पीढ़ियों की जिम्मेदारी भी है। रहवासियों ने राजेश यादव के नेतृत्व, सतत प्रयासों और समर्पण की खुलकर सराहना की और उन्हें वार्ड के जल संरक्षण अभियान का प्रेरणास्त्रोत बताया।

# यूजी ओर पीजी में 4380 सीटों के लिए शुरु हुई प्रवेश प्रक्रिया

**5 जून को आएगी पहली लिस्ट, तीन चरणों में होगी काउंसलिंग**

**हमारा स्वराज । धार**

मध्य प्रदेश उच्च शिक्षा विभाग ने शैक्षणिक सत्र के लिए स्नातक यूजी व पीजी पाठ्यक्रमों में प्रवेश प्रक्रिया का शेड्यूल जारी कर दिया है। इस बार सरकारी और निजी कॉलेजों में प्रवेश के लिए प्रथम चरण में पंजीयन 15 से 30 मई तक चलेगा। प्रवेश प्रक्रिया तीन चरणों में होगी। पहले दो चरणों के बाद तीसरे चरण में कॉलेज लेवल काउंसलिंग की जाएगी। इस संबंध में गाइडलाइन भी जारी कर दी गई है। कालेजों में पंजीयन शुरू हो गए हैं। व दस्तावेज सत्यापन की प्रक्रिया शुरू होगी। जिले के लीड कॉलेज पीएमश्री महाराज भोज शासकीय महाविद्यालय में नवीन शिक्षा सत्र के लिए प्रवेश आरंभ ह्यो गए है। विद्यार्थियों को हर बार की तरह प्रवेश से पूर्व ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन करना होंगे। इसके साथ ही दस्तावेजों का सत्यापन होगा। फिर मेरिट के आधार पर प्रवेश सूची जारी होगी। हालांकि अभी केवल यूजी व पीजी कक्षाओं के प्रवेश के लिए कार्यक्रम जारी हुआ है। इसके तहत 15 से 30 मई पंजीयन की प्रक्रिया चलेगी। इसी अवधि में सत्यापन भी साथ-साथ होंगे। कॉलेज से मिली जानकारी के अनुसार यूजी व पीजी में चार हजार 380 से अधिक सीटों पर प्रवेश दिया जाएगा। 5 जून को पहली सूची जारी होगी। विद्यार्थियों में प्रवेश को लेकर उत्साह देखा गया। इसके चलते कॉलेज में खासी चहल-पहल रही। कॉलेज प्रबंधन द्वारा हेल्प डेस्क तैयार की गई है। जिसमें विषयवार प्रोफेसर विद्यार्थियों को कोर्स चुनने और कॅरियर संबंधित मार्गदर्शन दिया जा रहा है।

बीए में सर्वाधिक 1470 सीटों पर प्रवेश कॉलेज में आर्ट की पढ़ाई करने के लिए विद्यार्थियों द्वारा हर साल बड़ी संख्या में प्रवेश लिया जाता है। इसी को देखते हुए बीए में सर्वाधिक 1470 सीटें निर्धारित की गई है। जिन पर



विद्यार्थियों को एडमिशन दिया जाएगा। इसी प्रकार बीएससी बायो में 590 और बीकॉम में 530 सीटों पर प्रवेश दिया जाएगा।

### पीजी के लिए भी आवेदन हुए शुरू

कॉलेज से मिली जानकारी के अनुसार भी केवल पहले यूजी प्रवेश शुरु हुए है। जबकि स्नातकोत्तर (पीजी कोर्स) के लिए कार्यक्रम नहीं आया है। यूजी में 3039 और पीजी में भी 1350 सीटों पर विद्यार्थियों को प्रवेश दिया जाएगा। कुल मिलकर हर साल की तरह 4380 विद्यार्थियों को कॉलेज में न्यू एडमिशन होंगे। जिसकी तैयारी शुरु हो चुकी है। इसके लिए बच्चों को परेशान ना होना पड़े तो कक्षा वार प्रोफेसर की भी नियुक्ति की गई है। पहले चरण के लिए छात्राओं को पंजीयन शुल्क एंव पोर्टल शुल्क में छूट रहेगी। जबकि छात्रों को 150 रुपए पंजीयन शुल्क एवं 50 रुपए पोर्टल शुल्क देना होगा।

### 4 जुलाई तक चलेगी प्रवेश प्रक्रिया

उच्च शिक्षा विभाग के प्रवेश गाइड लाइन के अनुसार चार जुलाई तक प्रवेश होंगे। प्रवेश की पूरी प्रक्रिया पचास दिन में पूरी होंगी। काउंसलिंग यूजी और पीजी में प्रवेश के लिए छात्रों से प्रथम वर्ष में प्रवेश 15 मई से प्रारंभ हो चुके हैं। पहले चरण के लिए स्नातक एवं स्नातकोत्तर प्रथम वर्ष में प्रवेश के लिए 15 से 30 मई तक पंजीयन करवाना होगा। पंजीकृत आवेदकों का सत्यापन 16 से 31 मई तक होगा। इस बार विद्यार्थियों के लिए मेजर सब्जेक्ट सहित बहु संकाय व्यवस्था बिलकुल नई होगी। पहले चरण के लिए सीट आवंटन 5 जून को विभाग द्वारा जारी कि जाएगी।

### यूजी और पीजी में प्रवेश के लिए काउंसलिंग

**पहला चरण पंजीयन** : 15 से 30 मई तक
**सत्यापन** : 16 से 31 मई तक
**सीट आवंटन** : 5 जून को
**फीस जमा होगी** : 5 से 12 जून तक
**दूसरा चरण पंजीयन** : 7 से 13 जून तक
**सत्यापन** : 8 से 14 जून
**सीटों का आवंटन** : 19 जून को
**फीस जमा होगी** : 24 जून तक
**तीसरा चरण**
**पंजीयनः** 20 से 25 जून तक
**सत्यापनः** 21 से 26 जून तक

### प्रक्रिया आरंभ

उच्च शिक्षा विभाग द्वारा स्नातक स्तर पर प्रवेश की प्रक्रिया आरंभ कर दी है। पिछले साल की तरह कॉलेज में चार हजार से अधिक विद्यार्थियों को नवीन प्रवेश दिया जाएगा। विद्यार्थी निर्धारित गाइलाइन का पालन कर प्रवेश ले सकते हैं।

**एसई बघेल,** प्राचार्य पीएमश्री कॉलेज धार

**अशोक नगर के हृदयस्थल गांधी पार्क पर ध्वज बंधन कार्यक्रम**

# राष्ट्रगान कर महात्मा गांधी की प्रतिमा पर किया माल्यार्पण

**हमारा स्वराज । अशोक नगर**

कांग्रेस सेवादल द्वारा अशोकनगर के हृदय स्थल गांधी पार्क पर ध्वज बंधन कार्यक्रम किया गया। इसमें कांग्रेस सेवा दल के जिला अध्यक्ष राहुल शर्मा एवं कांग्रेस पार्टी के समस्त पदाधिकारी उपस्थित रहे। ध्वज वंदन के बाद राष्ट्रगान किया गया एवं महात्मा गांधी जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया। इस बीच गुना से पधारे नरेंद्र सोनकर ने बताया कि कांग्रेस कमेटी के प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी एवं कांग्रेस सेवा दल के प्रदेश अध्यक्ष योगेश यादव जी के निर्देश अनुसार कांग्रेस सेवा दल के माध्यम कांग्रेस की नीति जन जन तक एवं घर घर तक पहुंचने का कार्य करेंगे इस बीच कांग्रेस कमेटी के जिला अध्यक्ष राजेंद्र कुशवाहा, लोकप्रिय विधायक इंजी हरीबाबू राय ,संगठन मंत्री गिरीश जैन, यूथ कांग्रेस के जिला अध्यक्ष विशाल रघुवंशी, आईटी सेल जिला अध्यक्ष अमन महाराज,अशोक शर्मा, दशरथ रघुवंशी, सुधीर शर्मा, शिवाजी सरगैया, मोहम्मद हुसैन मुनिया खान, रामसिंह रजक,मुन्नालाल सोनी, वीर चौहान दादा,राजकुमार लोधी,मनोज कुशवाहा,सुरेंद्र रघुवंशी, बली सिंह, राजकुमार यादव,नरेंद्र शर्मा, अतुल जैन राजपुर,मनोज शर्मा भैया,जितेंद्र साहू, हरिशंकर शर्मा, असलम खान,गौरव बंजारा, गौरव शर्मा, पवन पाल, राजेंद्र ओझा आदि सदस्य मुख्य रूप से उपस्थित रहे।



# एसडीओपी ने थाने का किया औचक निरीक्षण

**हमारा स्वराज । बामौर कलां**

पुलिस अधीक्षक शिवपुरी अमन



सिंह राठौड़ के निर्देशन में 24 मई की रात एसडीओपी पिछोर प्रशांत शर्मा द्वारा थाना बामौरकला का औचक निरीक्षण किया। एसडीओपी पिछोर द्वारा रात्रि गश्त को चैक करते हुए थाने का औचक निरीक्षण कर निर्देश दिए।

थाने में रात्रि दफ्तर ड्यूटी में आरक्षक पंकज साहू उपस्थित मिला। बुलाए जाने पर थाना प्रभारी राजकुमार सिंह उपस्थित थाना आए। थाने के महत्वपूर्ण रजिस्टर को चेक किया एवं टीप लगाई। थाने के सीसीटीवी कैमरे चालू पाए गए। थाने की हवालात में कोई बंदी नहीं पाया गया। रात्रि गश्त में लगे बल को अच्छे से गश्त करने के निर्देश दिए ।

# 8 साल बाद भारतीय टीम में करुण नायर की वापसी

हमारा स्वराज। नई दिल्ली

बीसीसीआई ने इंग्लैंड दौरे पर पांच टेस्ट मैचों की सीरीज के लिए 18 सदस्यीय भारतीय टीम की घोषणा की। करुण नायर की 8 साल बाद राष्ट्रीय टीम में वापसी हुई, जिस पर कर्नाटक के बल्लेबाज ने खुशी जताई।

करुण नायर ने कहा कि वो बेसब्री से बुलावे का इंतजार कर रहे थे क्योंकि पिछले एक-डेढ़ साल में घरेलू क्रिकेट में शानदार प्रदर्शन किया। 33 साल



के नायर ने कहा कि वो भाग्यशाली महसूस कर रहे हैं और लंबे समय बाद वापसी पर उन्हें  है।

करुण नायर ने 2017 में भारत के लिए अपना आखिरी मुकाबला खेला था। उन्होंने 2024-25 सीजन में रनों का अंबार लगाया। नायर ने दिल्ली कैपिल्टस की जीत के बाद कहा, 'बहुत खुश और गौरवान्वित महसूस कर रहा हूं। पिछले एक-डेढ़ साल में काफी अच्छी बल्लेबाजी की है। मैंने अपनी प्रक्रिया को समान रखा, जो मेरे लिए कारगर साबित हुई।'

नायर को 2017 में राष्ट्रीय टीम से बाहर कर दिया गया था जबकि कुछ समय पहले ही वो टेस्ट में तिहरा शतक जड़ने वाले दूसरे भारतीय बल्लेबाज बने थे। उन्होंने कहा, 'वापसी करके खुश हूं। अपने चयन के बारे में बेसब्री से इंतजार था। कई करीबियों के फोन कॉल आए और खूब मैसेजेस मिले।'

करुण नायर ने 2024-25 में विदर्भ को रणजी ट्रॉफी चैंपियन बनाने में अहम भूमिका निभाई। उन्होंने 9 मैचों में चार शतक की मदद से 863 रन बनाए। वहीं, विजय हजारे ट्रॉफी में नायर ने केवल 8 पारियों में पांच शतक के दम पर 779 रन बनाए, जिसकी मदद से राष्ट्रीय टीम में उनकी वापसी हुई।  दिल्ली कैपिटल्स भले ही आईपीएल 2025 के प्लेऑफ में क्वालीफाई नहीं कर सकी, लेकिन उसने अपने अभियान का विजयी अंत किया। दिल्ली ने पंजाब को 3 गेंदें शेष रहते 6 विकेट से मात दी। नायर ने कहा कि नतीजे दर्शाते हैं कि उनकी टीम अच्छी थी। उन्होंने कहा, 'जीतकर अच्छा महसूस हो रहा है। हम इस जीत के हकदार थे। हमने अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन नहीं किया। मगर आज दिखा कि हमारी टीम अच्छी है, जिसके कुछ मैच खराब रहे। मैं गेंद पर अच्छी तरह प्रहार कर रहा था। काफी रन बनाकर आईपीएल खेलने आया था। मैं विश्वास से भरा था। मैंने कुछ शॉट्स बहुत जल्दबाजी में खेले। कोच ने कहा कि समय लो और फिर बड़े शॉट खेलो।

# पंजाब किंग्स को प्लेऑफ से पहले लगा झटका, चहल हुए चोटिल

हमारा स्वराज। नई दिल्ली

पंजाब किंग्स के सहायक कोच सुनील जोशी ने पुष्टि की है कि स्टार स्पिनर युजवेंद्र चहल ने चोट के कारण दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ मुकाबले में हिस्सा नहीं लिया था। चहल की गैरमौजूदगी श्रेयस अय्यर के नेतृत्व वाली पंजाब के लिए महंगी साबित हो सकती है, जो टॉप-2 में रहने के लिए पूरी कोशिश कर रही है।

पंजाब किंग्स को शनिवार को जयपुर में दिल्ली कैपिटल्स के हाथों 6 विकेट की शिकस्त सहनी पड़ी। इस मैच में पंजाब को चहल की कमी साफ खली। मैच के बाद प्रेस कांफ्रेंस में जोशी ने खुलासा किया कि 34 साल के चहल ने दर्द के कारण आराम किया।



सहायक कोच ने यह बताने से परहेज किया कि चहल की चोट कितनी गंभीर है, लेकिन मैदान पर साफ दिखा कि चहल के बिना पंजाब का स्पिन विभाग कमजोर था। सुनील जोशी ने कहा, 'युजवेंद्र चहल को थोड़ा दर्द है। इसलिए हमने उन्हें आराम कराया। यही आइडिया था।'

## नहीं चला रिप्लेसमेंट

पंजाब किंग्स ने युजवेंद्र चहल की जगह प्रवीण दुबे को मौका दिया, जिसका स्पिन विभाग में साथ हरप्रीत बराड़ ने निभाया। हालांकि, 31 साल के दुबे गेंदबाजी में कोई कमाल नहीं दिखा पाए और 2 ओवर में 20 रन खर्च कर दिए। बराड़ ने 41 रन देकर दो विकेट झटके, जिससे पंजाब में चहल की कमी साफ नजर आई।

चहल ने आईपीएल 2025 में पंजाब किंग्स के लिए शानदार प्रदर्शन किया और उन्होंने इस साल चेन्नई सुपरकिंग्स के खिलाफ हैट्रिक भी ली थी। चहल की मौजूदगी से पंजाब ने कई बार बड़े स्कोर को डिफेंड करने में कामयाबी हासिल की।

## पंजाब का आखिरी मैच

दिल्ली ने शनिवार को पंजाब किंग्स को 6 विकेट से मात देकर आईपीएल 2025 से विजयी विदाई ली। पंजाब को इस हार के कारण तगड़ा झटका लगा क्योंकि टॉप-2 में उसके रहने की ख्वाहिश अधूरी रह सकती है। हालांकि, पंजाब किंग्स को अपना आखिरी लीग मैच सोमवार को मुंबई इंडियंस के खिलाफ खेलना है। अगर पंजाब जीतता है और अन्य मैचों के नतीजे उसके लिए पक्षधर रहे तो वो टॉप-2 में रहते हुए प्लेऑफ खेलने जाने में सफल होगा।

# विराट ने अनुष्का के साथ अयोध्या के हनुमान गढ़ी मंदिर में टेका माथा

हमारा स्वराज। नई दिल्ली

भारतीय टीम के स्टार क्रिकेटर विराट कोहली ने अपनी पत्नी अनुष्का शर्मा के साथ अयोध्या के हनुमान गढ़ी मंदिर में माथा टेका। इस स्टार कपल ने भगवान का आशीर्वाद लिया।

विराट कोहली और अनुष्का शर्मा के आस-पास काफी लोग थे, लेकिन इसके बावजूद स्टार कपल ने आराम से दर्शन किए और भगवान के सामने हाथ जोड़कर प्रार्थना की और अपने मन को शांति पहुंचाई। इसके बाद मंदिर के पंडित ने दोनों को माला पहनाई और टीका लगाया। पंडित ने विराट कोहली के सिर पर हाथ रखकर उन्हें आशीर्वाद दिया।

## वीडियो सोशल मीडिया पर छाया

विराट कोहली और अनुष्का शर्मा के मंदिर में दर्शन करने का वीडियो सोशल



मीडिया पर छा गया है। 12 मई को विराट कोहली ने टेस्ट प्रारूप से संन्यास की घोषणा की थी। अगले ही दिन दोनों ने वृंदावन में प्रेमानंद महाराज का आशीर्वाद लिया था। इसके अलावा कोहली को पहले नीम करौली बाबा का आशीर्वाद लेते हुए भी देखा गया है।

## 18 साल का सूखा खत्म करने पर ध्यान

विराट कोहली इस समय आईपीएल 2025 में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु को पहली बार चैंपियन बनाने की तैयारियों में जुटे हुए हैं। आरसीबी की टीम प्लेऑफ के लिए क्वालीफाई कर चुकी है। आरसीबी ने अपना पिछला मैच सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ लखनऊ में खेला था, जिसके कारण विराट कोहली अयोध्या में जाकर दर्शन करने में कामयाब हो सके। वैसे, आरसीबी को अपना आखिरी लीग मैच लखनऊ सुपरजायंट्स के खिलाफ लखनऊ के इकाना स्टेडियम पर ही खेलना है। विराट कोहली की कोशिश आरसीबी को जीत दिलाने की होगी ताकि वो टॉप-2 में फिनिश करे। पता हो कि आईपीएल के लीग चरण में टॉप-2 में फिनिश करने वाली टीमों को फाइनल में पहुंचने के दो मौके मिलते हैं।


## कोहली का प्रदर्शन

विराट कोहली इस समय शानदार फॉर्म में हैं। उन्होंने मौजूदा आईपीएल में 12 मैचों में 7 अर्धशतकों की मदद से 548 रन बनाए। उनकी औसत 60.88 की रही और स्ट्राइक रेट 145.35 भी अच्छा है। कोहली ऑरेंज कैप हासिल करने वाले दावेदारों में शामिल हैं।

## व्यापार

# Sensex की टॉप-10 कंपनियों में से 6 का MCap 78,166 करोड़ रुपये घटा

### रिलायंस इंडस्ट्रीज को हुआ सबसे ज्यादा नुकसान



हमारा स्वराज। नई दिल्ली

भारतीय शेयर बाजार के लिए पिछला सप्ताह गिरावट भरा रहा। इस दौरान सेंसेक्स (Sensex) की टॉप 10 कंपनियों में से छह के बाजार पूंजीकरण (MCap) में सामूहिक रूप से 78,166.08 करोड़ रुपये की गिरावट आई। बीते सप्ताह BSE का 30 शेयरों वाला सेंसेक्स 609.51 अंक या 0.74% नीचे आया, जबकि नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (NSE) का निफ्टी 166.65 अंक या 0.66% टूट गया।

शेयर बाजार में कमजोर रुख के बीच सबसे ज्यादा नुकसान रिलायंस इंडस्ट्रीज (RIL) को हुआ। रिलायंस का मार्केट कैप 40,800.4 करोड़ रुपये घटकर 19,30,339.56 करोड़ रुपये रह गया। पिछले सप्ताह में RIL के अलावा TCS, ICICI बैंक, भारतीय स्टेट बैंक (SBI), इन्फोसिस और हिंदुस्तान यूनिलीवर (HUL) के मार्केट कैप में गिरावट आई। वहीं HDFC बैंक, भारती एयरटेल, बजाज फाइनेंस और ITC की बाजार हैसियत बढ़ गई।

## टॉप-10 में शामिल अन्य कंपनियों का हाल

1. टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (TCS) की बाजार हैसियत 17,710.54 करोड़ रुपये घटकर 12,71,395.95 करोड़ रुपये पर आ गई।
2. इन्फोसिस (Infosys) का मार्केट कैप 10,488.58 करोड़ रुपये घटकर 6,49,876.91 करोड़ रुपये पर आ गया।
3. हिंदुस्तान यूनिलीवर (HUL) का बाजार मूल्यांकन 5,462.8 करोड़ रुपये के नुकसान के साथ 5,53,974.88 करोड़ रुपये पर आ गया।
4. ICICI बैंक का बाजार पूंजीकरण 2,454.31 करोड़ रुपये घटकर 10,33,868.01 करोड़ रुपये रहा।
5. भारतीय स्टेट बैंक (SBI) की बाजार हैसियत 1,249.45 करोड़ रुपये घटकर 7,05,446.59 करोड़ रुपये पर आ गई।

## इन 4 कंपनियों का MCap बढ़ा

1. भारती एयरटेल का बाजार मूल्यांकन 10,121.24 करोड़ रुपये बढ़कर 10,44,682.72 करोड़ रुपये पर पहुंच गया।
2. बजाज फाइनेंस की बाजार हैसियत 4,548.87 करोड़ रुपये बढ़कर 5,74,207.54 करोड़ रुपये रही।
3. ITC का बाजार पूंजीकरण 875.99 करोड़ रुपये बढ़कर 5,45,991.05 करोड़ रुपये रहा।
4. HDFC बैंक का मूल्यांकन 399.93 करोड़ रुपये बढ़कर 14,80,723.47 करोड़ रुपये हो गया।

## फिर भी RIL नंबर वन पर

टॉप-10 कंपनियों की लिस्ट में रिलायंस इंडस्ट्रीज पहले स्थान पर कायम रही। इसके बाद क्रमशः HDFC बैंक, TCS, भारती एयरटेल, ICICI बैंक, भारतीय स्टेट बैंक, इन्फोसिस, बजाज फाइनेंस, हिंदुस्तान यूनिलीवर और ITC का स्थान रहा।

# इस हफ्ते कैसे रहेगा शेयर बाजार का हाल?

हमारा स्वराज। नई दिल्ली

भारतीय शेयर बाजार में इस सप्ताह कई आर्थिक आंकड़ों, वैश्विक रुझानों और विदेशी निवेशकों की गतिविधियों पर निवेशकों की नजर रहेगी। एक्सपर्ट्स का कहना है कि पिछले सप्ताह बाजार में सुस्ती देखी गई, जिसमें वैश्विक अनिश्चितताओं ने अहम भूमिका निभाई। BSE सेंसेक्स बीते सप्ताह 609.51 अंक यानी 0.74 फीसदी गिरा था,  NSE निफ्टी में 166.65 अंक यानी 0.66 फीसदी की गिरावट दर्ज की गई थी। एक्सपर्ट्स के मुताबिक, इस सप्ताह भारत के औद्योगिक और विनिर्माण उत्पादन के अप्रैल महीने के आंकड़े, जो 28 मई को जारी होंगे, और पहली तिमाही के GDP के आंकड़े आर्थिक सुधार की दिशा को स्पष्ट करेंगे। मॉनसून की प्रगति पर भी बाजार की नजर रहेगी, यह कृषि और अर्थव्यवस्था के लिए महत्वपूर्ण है। अमेरिकी बॉन्ड यील्ड में बढ़ोतरी और अमेरिका के बढ़ते कर्ज के बोझ ने उभरते बाजारों, खासकर भारत, पर दबाव डाला है। रेलिगेयर ब्रोकिंग लिमिटेड के रिसर्च प्रमुख अजित मिश्रा ने कहा कि अमेरिकी बॉन्ड बाजार, फेडरल ओपन मार्केट कमेटी (एफओएमसी) के मिनट्स और भारत-अमेरिका व्यापार वार्ता के घटनाक्रम बाजार की दिशा तय करेंगे।

### इस हफ्ते आ रहे हैं 8 नए IPO

# निवेशक पैसा रखें तैयार, मेनलाइन सेगमेंट में हैं 4 कंपनियां

हमारा स्वराज। नई दिल्ली

शेयर बाजार में यह हफ्ता निवेशकों के लिए काफी व्यस्त रहने वाला है। इस हफ्ते आठ नए इनिशियल पब्लिक ऑफरिंग (IPO) लॉन्च होने वाले हैं जबकि चार कंपनियों के शेयर स्टॉक एक्सचेंज में लिस्ट होंगे। मेनलाइन सेगमेंट में चार बड़े IPO खुलेंगे, जिनमें Prostarm Info Systems, Schloss Bangalore(Leela Hotels), Aegis Vopak Terminals और Scoda Tubes शामिल हैं। इसके अलावा, SME सेगमेंट में भी चार नए IPO निवेशकों के लिए आने वाले हैं।

साथ ही, Borana Weaves और Belrise Industries जैसी दो मेनलाइन कंपनियां क्रमशः 28 मई और 29 मई को लिस्ट होंगी। SME सेगमेंट में भी दो कंपनियों की लिस्टिंग होगी।




## मेनलाइन और SME IPOs का लेखा-जोखा

Aegis Vopak Terminals IPO: यह IPO 26 मई 2025 को खुलेगा और 28 मई को बंद होगा। कंपनी 19.11 करोड़ शेयरों के जरिए 2,800 करोड़ रुपये जुटाने की योजना बना रही है। शेयर की कीमत 223-235 रुपये प्रति शेयर होगी, और न्यूनतम 63 शेयरों का लॉट साइज होगा। निवेशकों को कम से कम 14,805 रुपये का निवेश करना होगा। शेयरों का आवंटन 30 मई को तय होगा और 2 जून तक डीमैट खातों में शेयर पहुंच जाएंगे। यह IPO 3 जून को BSE और NSE पर लिस्ट होगा।

Schloss Bangalore IPO (Leela Hotels IPO): यह IPO भी 26 मई से 28 मई तक खुला रहेगा। कंपनी 5.75 करोड़ नए शेयर और 2.3 करोड़ शेयरों की ऑफर फॉर सेल के जरिए 3,500 करोड़ रुपये जुटाएगी। शेयर की कीमत 413-435 रुपये होगी, और लॉट साइज 34 शेयरों का होगा। न्यूनतम निवेश 14,790 रुपये होगा। शेयर आवंटन 30 मई को होगा और लिस्टिंग 3 जून को BSE और NSE पर होगी।

Prostarm Info Systems IPO: यह IPO 27 मई से 29 मई तक खुलेगा। कंपनी 1.6 करोड़ नए शेयरों के जरिए 168 करोड़ रुपये जुटाएगी। शेयर की कीमत 95-105 रुपये होगी, और लॉट साइज 142 शेयरों का होगा। न्यूनतम निवेश 14,910 रुपये होगा। शेयर आवंटन 30 मई को और लिस्टिंग 3 जून को होगी।

Scoda Tubes IPO: यह IPO 28 मई से 30 मई तक खुलेगा। कंपनी 1.57 करोड़ शेयरों के जरिए 220 करोड़ रुपये जुटाएगी। शेयर की कीमत 130-140 रुपये होगी, और लॉट साइज 100 शेयरों का होगा। न्यूनतम निवेश 14,000 रुपये करना होगा। शेयर आवंटन 2 जून को और लिस्टिंग 4 जून को होगी।

## SME सेगमेंट में भी हलचल

SME सेगमेंट में Unified Data-Tech और Dar Credit and Capital की लिस्टिंग होगी। इसके अलावा, Victory Electric Vehicles, Neptune Petrochemicals, Nikita Papers, Astonea Labs और Blue Water Logistics के IPO भी इस हफ्ते खुलेंगे।

निवेशकों के लिए यह हफ्ता शेयर बाजार में नए अवसर लेकर आया है और मार्केट एक्सपर्ट्स का मानना है कि हालिया तेजी से IPO बाजार में भी रौनक बढ़ सकती है।

हमारा स्वराज
इंदौर, सोमवार, 26 मई 2025

# खाद वितरण में भेदभाव के आरोप : भाजपा मंडल अध्यक्ष ने खुद पर डाला पेट्रोल, समान वितरण की मांग






**हमारा स्वराज । अशोक नगर**

अशोकनगर जिले में खाद वितरण को लेकर विवाद सामने आया है। नई सराय के भाजपा मंडल अध्यक्ष रामेंद्र रघुवंशी ने रविवार को तहसील कार्यालय के सामने खुद पर पेट्रोल डालकर आत्मदाह का प्रयास किया।

मौके पर मौजूद लोगों ने उनसे पेट्रोल की बोतल छीन ली व माचिस छीन ली।

रघुवंशी ने बताया कि क्षेत्र में खाद का वितरण असमान तरीके से हो रहा है। उन्होंने कहा कि केवल 20 प्रतिशत किसानों को अधिक मात्रा में खाद मिला है। बाकी 80 प्रतिशत किसान अभी भी खाद से वंचित हैं। उनकी मांग है कि खाद का वितरण नियमानुसार किया जाए। उन्होंने सुझाव दिया कि हर किसान को कम से कम दो बोरी खाद दी जाए, ताकि सभी को बराबर मिल सके। घटना की सूचना मिलते ही एसडीएम इसरार खान और थाना प्रभारी पुनीत दिक्षित सहित प्रशासनिक अधिकारी मौके पर पहुंचे। इस दौरान बड़ी संख्या में लोग भाजपा मंडल अध्यक्ष के समर्थन में एकत्र हो गए।

### पुलिस ने चलाया कॉम्बिंग गश्त अभियान

# 99 वारंटी गिरफ्तार, 39 गुंडों और 36 हिस्ट्रीशीटरों की भी तलाशी



**हमारा स्वराज । अशोक नगर**

अशोकनगर पुलिस ने शनिवार-रविवार की रात जिले में कॉम्बिंग गश्त अभियान चलाया। इस दौरान पुलिस ने साल 2023 से फरार 5 हजार के इनामी आरोपी समेत कुल 99 वारंटी अपराधियों को गिरफ्तार किया।

## अभियान में 200 से ज्यादा पुलिसकर्मी शामिल

एसपी विनीत कुमार जैन के निर्देश पर यह कार्रवाई रात 12 बजे से सुबह 5 बजे तक की गई। इस अभियान में 200 से ज्यादा पुलिसकर्मियों ने हिस्सा लिया। पुलिस टीम ने 58 स्थायी वारंटी और 41 गिरफ्तारी वारंटी वाले अपराधियों को पकड़ा। साथ ही 39 लिस्टेड गुंडों और 36 हिस्ट्रीशीटरों की चेकिंग की गई।

## अपराधी चोरी के मामले में 2023 से फरार था

पुलिस ने थाना देहात क्षेत्र से इनामी अपराधी प्रेमपाल को गिरफ्तार किया। प्रेमपाल (24) थान सिंह अहेरिया का बेटा है और मिर्जापुर, हाथरस का रहने वाला है। वह साल 2018 में दर्ज एक चोरी के मामले में 2023 से फरार चल रहा था। आईजी अरविंद सक्सेना के निर्देश पर चलाए गए इस अभियान का उद्देश्य असामाजिक तत्वों की गिरफ्तारी और अपराध पर नियंत्रण पाना है। एसपी ने बताया कि भविष्य में भी इस तरह की कॉम्बिंग गश्त जारी रहेगी।

# कलेक्टर ने साइकिल से की करीला धाम यात्रा, 42 किमी की दूरी 2 घंटे में पूरी, मंदिर में गंदगी मिली 2 सफाईकर्मियों को हटाया



**हमारा स्वराज । अशोक नगर**

कलेक्टर आदित्य सिंह ने रविवार सुबह एक साथी के साथ साइकिल से करीला धाम की यात्रा की। उन्होंने 42 किलोमीटर की दूरी 2 घंटे में पूरी की। कलेक्टर के पहुंचते ही करीला ट्रस्ट के एसडीएम मनीष धनगर और ट्रस्ट अध्यक्ष महेंद्र सिंह यादव समेत अन्य अधिकारी मौके पर पहुंच गए। कलेक्टर ने सभी ब्लॉक स्तरीय अधिकारियों के साथ डेढ़ घंटे तक बैठक की।

मंदिर और मेला स्थल के निरीक्षण में गंदगी मिलने पर उन्होंने नाराजगी जताई। लंबे समय से अनुपस्थित रहने वाले दो सफाईकर्मियों को भी हटा दिया गया। स्वच्छता बनाए रखने के लिए 12 सफाईकर्मियों को नियुक्त करने के निर्देश दिए गए है।



**सीता रसोई में श्रद्धालुओं को 5 रुपए में मिलेगा भोजन :** माता जानकी के दरबार में सीता रसोई शुरू की जाएगी। यहां श्रद्धालुओं को मात्र 5 रुपये में भोजन मिलेगा। नृत्यांगनाओं के लिए ठहरने और बैठने की व्यवस्था की जाएगी। उनके लिए एक रजिस्ट्रेशन सेंटर भी खोला जाएगा। कलेक्टर आदित्य सिंह जिले में पदभार ग्रहण करने के बाद से लगातार व्यवस्थाओं को सुधारने में जुटे हैं। वे हर दिन किसी न किसी इलाके का दौरा कर वहां की स्थिति का जायजा लेते हैं और आवश्यक सुधार के लिए अधिकारियों को निर्देश देते हैं। अधिकारियों की जब सुबह आंख खुलती है तब भी निरीक्षण करने पहुंच जाते हैं।

# कलेक्टर की तत्परता से फर्जी रजिस्ट्री का खुलासा उप पंजीयक सहित सात के खिलाफ एफआईआर

### जाली आधार कार्ड और दस्तावेजों से की गई थी जमीन की रजिस्ट्री, छह माह से लंबित था मामला

**हमारा स्वराज । अशोक नगर**

अशोकनगर जिले की नईसराय तहसील के मढ़ना खिरिया गांव में किसान की जमीन की फर्जी रजिस्ट्री के मामले में प्रशासन ने बड़ी कार्रवाई करते हुए उपपंजीयक सहित सात लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई है। यह कार्रवाई कलेक्टर आदित्य सिंह की सक्रिय पहल और सख्त निर्देशों के बाद संभव हो सकी, जिनके संज्ञान में आते ही छह महीने से लंबित प्रकरण पर त्वरित निर्णय लिया गया।



यह फर्जी रजिस्ट्री दिसंबर 2024 में कराई गई थी, जिसमें जाली आधार कार्ड और अन्य दस्तावेजों का इस्तेमाल कर जमीन की रजिस्ट्री की गई थी। शुरूआती तौर पर मामला सामने आने के बावजूद कार्रवाई रुकी हुई थी। लेकिन 6 मई 2025 को कलेक्टर कार्यालय से जारी निर्देशों के आधार पर एसडीएम ईसागढ़ ने पत्र जारी कर दोषियों पर कार्रवाई करने को कहा। उक्त निर्देश के आधार पर तहसील नईसराय के हल्का क्रमांक 11 के पटवारी विक्रांत भोंसले ने थाने में शिकायत दर्ज कराई।

शिकायत में बताया गया कि रजिस्ट्री में प्रस्तुत दस्तावेजों की प्रशासनिक जांच में वे फर्जी पाए गए, जिनमें आधार कार्ड, विक्रेता के नाम से पेश किया गया व्यक्ति और अन्य प्रमाण पत्र शामिल थे। पुलिस ने प्रारंभिक जांच के बाद जमीन की रजिस्ट्री में फर्जीवाड़े की पुष्टि होने पर भारतीय दंड संहिता और मध्यप्रदेश वीएनएस अधिनियम 2023 की धाराओं 318(4), 319(2), 336(3), 338, 340(2) के तहत मामला दर्ज किया है। आरोपियों में क्रेता सुरेश रघुवंशी, गवाह दीपसिंह भील, सूरसिंह भील, उपपंजीयक अजय प्रकाश लोधी, सर्विस प्रोवाइडर हिमांशु सोनी, भोलू उर्फ मोहित चतुर्वेदी, तथा एक अज्ञात व्यक्ति जिसे सूका जाटव के नाम से विक्रेता दर्शाया गया था, शामिल हैं। कलेक्टर आदित्य सिंह की तत्परता और पारदर्शी प्रशासन के प्रति उनकी सजगता की सराहना की जा रही है, जिन्होंने लंबे समय से लंबित प्रकरण को गंभीरता से लेते हुए दोषियों पर कार्रवाई सुनिश्चित की और ग्रामीणों का विश्वास प्रशासन में और मजबूत किया।

### अशोक नगर में प्रशासनिक फेरबदल

# एसडीएम इसरार खान को कलेक्ट्रेट भेजे, रचना शर्मा होंगी ईसागढ़ की अनुभाग्य अधिकारी

**हमारा स्वराज । अशोक नगर**

अशोकनगर कलेक्टर आदित्य सिंह ने रविवार को प्रशासनिक फेरबदल के आदेश जारी किए हैं। इस आदेश के तहत ईसागढ़ के एसडीएम इसरार खान को कलेक्ट्रेट कार्यालय में स्थानांतरित कर दिया गया है। उनके स्थान पर संयुक्त कलेक्टर रचना शर्मा को ईसागढ़ का नया एसडीएम बनाया गया है। रचना शर्मा इससे पहले चंदेरी एसडीएम भी रह चुकी है।

इसी तरह खाद्य विभाग में भी बदलाव किया गया है। प्रभारी अधिकारी इसरार खान को जिला आपूर्ति अधिकारी के पद से हटा दिया गया है। उनकी जगह सहायक आपूर्ति अधिकारी प्राची शर्मा को जिला आपूर्ति अधिकारी का प्रभार सौंपा गया है।प्राची शर्मा को अपने वर्तमान कार्यभार के साथ-साथ जिला आपूर्ति अधिकारी का अतिरिक्त प्रभार दिया गया है। उन्हें जिला आपूर्ति कार्यालय के संपूर्ण आहरण और संवितरण के अधिकार भी प्रदान किए गए हैं। यह आदेश तत्काल प्रभाव से लागू हो गया है।

# सेजी गांव के लोगों ने आवारा कुत्तों से काले हिरण को बचाया

**हमारा स्वराज । अशोक नगर**

अशोकनगर के शाढ़ौरा क्षेत्र के सेजी गांव में सड़क नारे काले हिरण को आवारा कुत्तों से बचाया गया। हिरण खेतों में कुत्तों से बचने का प्रयास कर रहा था। स्थानीय निवासी रघु शर्मा और राजकुमार ने वन विभाग को घटना की सूचना दी। वन परिक्षेत्र अधिकारी अशोकनगर के निर्देश पर वन विभाग की टीम में वन विभाग के सहायक डिपो प्रभारी राम कुमार शर्मा और वाहन चालक आनंद खटीक तुरंत मौके पर पहुंची। सूचनाकर्ताओं ने बताया कि कुत्तों ने नर कृष्ण मृग को काटकर घायल कर दिया था। वन विभाग की टीम ने घायल हिरण को अपनी अभिरक्षा में लेकर उपचार के लिए पशु चिकित्सालय अशोकनगर ले गया। हिरण की पिछले हिस्से को कुत्तों ने हमला कर घायल कर दिया था इसके कारण से वह चलने में भी असमर्थ था।



# श्रमण संस्कृति शिक्षण शिविर का होगा वृहद रूप में आयोजन

**हमारा स्वराज । अशोक नगर**

मुनि पुंगव श्रीसुधासागरजी महाराज के आशीर्वाद से श्रमण संस्कृति संस्थान सांगानेर जयपुर द्वारा श्री दिगम्बर जैन पंचायत कमेटी के तत्वावधान में श्री विद्यासागर सर्वोदय पाठशाला के सहयोग से भव्य शिक्षण-प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया जा रहा है। शिविर में सात वर्ष से लेकर साठ वर्ष के सभी विद्यार्थियों को उनके योग्यता अनुसार विभिन्न कक्षाओं में प्रवेश दिया जाएगा? उक्त आशय के उद्गार सुभाषगंज में धर्म सभा को सम्बोधित करते हुए जैन समाज के मंत्री विजय धुर्रा ने व्यक्त किए।

इसके पहले प्रातः काल की वेला सुभाष गंज जैन मंदिर में




राजेश कासल के मंत्रोच्चार के साथ मंगलाष्टक का पाठ प्रारंभ हुआ। इसके बाद भक्ति भाव के साथ भगवान को पूरे विधि-विधान के साथ पाडूक शिला पर विराजमान किया गया। तद उपरांत बह्द मंत्रो कचार के साथ प्रभु के कलशाभिषेक के साथ महा शान्ति धारा राजेश कासल के मंत्रोच्चार के साथ की गई, जिसका सौभाग्य विजय कुमार विकास कुमार अटारी सन्तोष कुमार गौरव कुमार तारी परिवार सहित अन्य भक्तों को मिला।

इस दौरान धुर्रा ने कहा कि श्रमण संस्कृति संस्थान सांगानेर जयपुर के विव्दान अनुभव शास्त्री विव्दतश्री शिवम् शास्त्री रवि शास्त्री के निर्देशन में अशोक नगर जिले के पिपरई मुंगावली ईसागढ़ शाढ़ौरा गुना व शिवपुरी जिलों में एक साथ इस दस दिवसीय शिक्षण प्रशिक्षण बाल संस्कार शिविर का आयोजन होने जा रहा है। शिविर के माध्यम से वच्चो को संस्कारित शिक्षा के प्रति आकर्षित करने के साथ ही युवाओं अंध विश्वास व कुरीतियों से दूर करने व लोगों के अंदर दया, करुणा, प्रेम वात्सल्य की भावना को जागृत किया जायेगा। शिविर का शुभारंभ विशेष समारोह के साथ 2 जून को होगा। इसके पहले जैन पंचायत कोर कमेटी की बैठक समाज के अध्यक्ष राकेश कासंल महामंत्री राकेश अमरोद के द्वारा जयपुर से पधारे विव्दतश्री शिवम् शास्त्री रवि शास्त्री पंडित अनुभव शास्त्री के मार्गदर्शन में हुई। जिसमें कमेटी के कोषाध्यक्ष सुनील अखाई मंत्री शैलेन्द्र श्रागर, संयोजक उमेश सिंघई, विपिन सिंघई, निर्मल मिर्ची, नितिन वज, हेमंत टडैया विशेष रूप से उपस्थित थे।

इसके पहले प्रातः काल की वेला में श्री विद्यासागर सर्वोदय पाठशाला गंज मन्दिर के वच्चो द्वारा भगवान के अभिषेक शान्ति धारा उपरांत आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज की महा पूजन का आयोजन संगीत के साथ किया गया। इसमें नन्हे-मुन्ने बच्चे को हार मुकुटों से सज्ञा कर महा पूजन पाठशाला परिवार की बहनों द्वारा भक्ति भाव से सम्पन्न कराते हुई पूजन के संस्कार दिए। इसके बाद सभी बच्चों को स्वल्पाहार कराया गया शेष प्रदर्शन करने वाले वच्चों को पुरस्कृत कर स्मृति चिन्ह भेंट किए गए।

# पुलिस ने पकड़ा आईपीएल का सट्टा, हजारों का मिला हिसाब

**हमारा स्वराज । गुना**

आईपीएल सट्टा खिलाते एक युवक को गुना पुलिस ने पकड़ा है। उसके पास से सट्टे का 57 हजार रुपए से ज्यादा का हिसाब मिला। उसके मोबाइल में गुना के बड़े सटोरियों के कॉन्टैक्ट मिले हैं। पुलिस ने उन पर भी कार्रवाई की है। टीआई अनूप कुमार ने बताया कि तीन सटोरिए पकड़कर उनके गिरोह के मुख्य सरगनाओं सहित कुल 7 सटोरियों पर कार्रवाई की है। मुखबिर से सूचना मिली थी कि टेकरी रोड़ ओवरब्रिज पर एक लड़का मोबाइल पर आईपीएल क्रिकेट मैच का सट्टा खिला रहा है। सूचना पर पुलिस ने मुखबिर के बताए हुलिए के व्यक्ति को दबोच लिया। उसने अपना नाम कौशलेन्द्र पिता घनश्याम रघुवंशी निवासी ग्राम श्योपुर चक थाना नईसरांय जिला अशोकनगर हाल त्रिमूर्ती कॉलोनी गुना बताया। पुलिस ने उसके मोबाइल को चेक किया तो उसमें ऑनलाइन सट्टे की आईडी खुली मिली। उसकी कॉपी में सट्टे का 52,200 रुपए का हिसाब-किताब मिला। कौशलेन्द्र रघुवंशी द्वारा आईपीएल मैचों पर सट्टा खिलाना कबूल कर लिया गया। उसने पूछताछ में बताया कि वह सट्टे के एक पूरे गिरोह के साथ काम करता है। उस गिरोह में रिंकू राठौर निवासी तलैया मोहल्ला गुना, भानू पिथौरा निवासी कालापाठा हैं।

स्वामी वन टू वन मीडिया एंड कम्युनिकेशन के लिए मुद्रक/प्रकाशक जितेंद्र कोठारी द्वारा पंकज प्रिंटर्स एंड पैकेजिंग, एलयूएन-22, सेक्टर-एफ, सांवेर रोड, जिला-इंदौर (म.प्र.) से मुद्रित एवं 219, स्कीम नंबर-134, सेक्टर-बी, स्टार चौराहा के पास, जिला इंदौर (म.प्र.) 452010 से प्रकाशित । संपादक- मृदुल जैन* । स्थानीय सम्पादक - विकास सिंह चौहान। आरएनआई नं. MPHIN/2016/66974, मो. 83570-89000, Email-hamara.swaraj@gmail.com समाचार चयन के लिए पीआरपी एक्ट के तहत जिम्मेदार।